रोहतक

शुक्रवार 3 अप्रैल 2026

वैशाख मास कृष्ण पक्ष,
प्रतिपदा वर्ष : 30, अंक : 58
पृष्ठ 14 मूल्य 3.00

मौसम
अधि. 37.8
न्यून. 17.7

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी




7 पंजाब किंग्स आत्मविश्वास से भरपूर सीएसके को पहली जीत की दरकार




## खबर संक्षेप

### दो आईपीएस को जल्द मिलेगा डीजी का रैंक

**चंडीगढ़।** आईपीएस अफसरों की पदोन्नति को लेकर (डीपीसी) डिपार्टमेंट प्रमोशन कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया है। बताया गया है कि 1994 बैच के दो और 2012 बैच के चार आईपीएस अधिकारियों की पदोन्नति को लेकर बैठक का आयोजन किया है। आईपीएस नवदीप विर्क और आईपीएस कला रामचंद्रन एडीजीपी से डीजी पदोन्नत होने वाले हैं। आईपीएस जश्नदीप सिंह रंधावा, दीपक गहलावत और सुमेर प्रताप, सुनील कुमार एसपी से डीआईजी प्रमोट करने की तैयारी है। डीपीसी की अहम बैठक मे सभी आईपीएस अधिकारियों की पदोन्नति को मंजूरी दे दी गई है। मुख्यमंत्री के पास पदोन्नति की फ़ाइल भेजी गई है।

### फरीदाबाद मंडलायुक्त को अतिरिक्त कार्यभार

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने फरीदाबाद मंडल के आयुक्त को मेवात विकास एजेंसी के अध्यक्ष का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा है।

### भ्रष्टाचार का अड्डा बन रहे विश्वविद्यायल : चौटाला

**चंडीगढ़।** प्रदेश के चार प्रमुख विश्वविद्यालयों के तीन मौजूदा और एक पूर्व कुलपति पर सरकार ने भ्रष्टाचार समेत अन्य कई मामलों में विजिलेंस जांच शुरू करने पर प्रतिक्रिया देते हुए इनेलो राष्ट्रीय अध्यक्ष अभय चौटाला ने कहा कि सभी विश्वविद्यालय के कुलपतियों की उच्चस्तरीय जांच होनी चाहिए।

### उद्योगों को मंजूरी के लिए जिलों में कमेटी बनेगी

**चंडीगढ़।** लघु, सूक्ष्म और मध्यम उद्योग क्षेत्र को और अधिक सशक्त एवं प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से हरियाणा सरकार ने एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। सरकार ने हरियाणा उद्यम प्रोत्साहन नियम-16 के नियम-7 के उपनियम (1) में संशोधन करते हुए प्रत्येक जिले में उपायुक्त की अध्यक्षता में 18 सदस्यीय जिला स्तरीय समाशोधन समिति के गठन का निर्णय लिया है। उद्योग एवं वाणिज्य विभाग द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार, यह संशोधित नियम अब हरियाणा उद्यम प्रोत्साहन नियम, 2026 के नाम से जाने जाएंगे। इस पहल का उद्देश्य उद्योगों से संबंधित विभिन्न अनुमतियों को जल्द देना है।

आढ़ती एसोसिएशन के पदाधिकारी बोले- भगवंत सरकार की नीतियों के कारण अनाज मंडियों में व्यापार चौपट

# पंजाब के लोगों ने सीएम सैनी के सामने रखा अपना दर्द

## नायब ने कहा, भाजपा ही पंजाब में ऐसी सरकार दे सकती है, जो सबका भला करे



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

हरियाणा मुख्यमंत्री नायब सैनी से पंजाब की आढ़ती एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने चंडीगढ़ स्थित संत कबीर कुटीर आवास पर बुधवार देर शाम मुलाकात की है। इस दौरान पंजाब के आढ़तियों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं पर विस्तार से चर्चा हुई। आढ़ती एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री नायब सिंह के सामने दुखड़ा रखते हुए बताया कि पंजाब की आप सरकार के कारण अनाज मंडियों में व्यापार चौपट हो रहा है। वहीं आम आदमी भी सरकार की नीतियों से परेशान है। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि पंजाब में लगभग 40 हजार आढ़ती, करीब सवा लाख मुनीम तथा 6-7 लाख श्रमिक इस व्यवस्था से जुड़े हुए हैं। वर्तमान में आढ़तियों के समक्ष आ रही दिक्कतों के चलते पंजाब में आढ़तियों की हड़ताल चल रही है, जिससे व्यापारिक गतिविधियों के साथ-साथ लाखों परिवारों की आजीविका प्रभावित हो रही है। सरकार से वार्ता हुई, लेकिन कोई हल नहीं हुआ। फसल खरीद के इस सीजन में आढ़ती वर्ग के साथ-साथ लेबर तबका और किसान भी परेशान हैं।

मुख्यमंत्री नायब सैनी ने इस विषय पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि वह स्वयं कई बार पंजाब का दौरा कर चुके हैं और वहां हर वर्ग चाहे किसान हो, व्यापारी हो या श्रमिक परेशान नजर आता है। समस्याओं के हल की तरफ वहां की आप पार्टी की सरकार कुछ नहीं कर रही। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार की नीतियों ने पंजाब की आर्थिक स्थिति को कमजोर कर दिया है और प्रदेश को कंगाल बनाने का काम किया है। उन्होंने पंजाब सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि अभी भी समय है, पंजाब को वहां की जनता संभाल लें। मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा ही वहां ऐसी सरकार दे सकती है जो किसानों, आढ़तियों और व्यापारियों का भला कर सके। मुख्यमंत्री ने हरियाणा का उदाहरण देते हुए कहा कि राज्य में किसानों की सभी फसलों की न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर खरीद की जा रही है, जिससे किसानों को सीधा लाभ मिल रहा है। साथ ही आढ़तियों के कमीशन को भी समय-समय पर बढ़ाया गया है, ताकि उनकी आय और सम्मान दोनों सुरक्षित रहें।

## प्रधानमंत्री से मिले मुख्यमंत्री, मोदी अंबाला में कर सकते हैं शहीद स्मारक का उद्घाटन



### पंजाब चुनाव में बड़ी जिम्मेदारी देने की तैयारी

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री नायब सैनी ने बृहस्पतिवार को दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान दोनों के बीच कई मुद्दों पर चर्चा हुई। पीएम जल्द ही अंबाला आ सकते हैं। बताया जा रहा है कि अंबाला में पीएम शहीद स्मारक का शुभारंभ कर सकते हैं। इसके अलावा पीएम से नायब सैनी की पंजाब और पश्चिम बंगाल चुनाव को लेकर भी मंथन हुआ। सीएम सैनी के दिल्ली दौरे को लेकर सियासी गलियारों में काफी चर्चा है। कहना है कि सीएम सैनी को पंजाब चुनाव को लेकर केंद्रीय नेतृत्व से बड़ी जिम्मेदारी देने की तैयारी की जा रही है।

## गेहूं खरीद के लिए सरकार पूरी तरह तैयार : बड़ौली



**चंडीगढ़।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि हरियाणा की नायब सैनी सरकार किसानों की फसलों को खरीदने के लिए तैयार है। मंडियों में किसानों को किसी भी तरह की परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ेगा, सरकार ने पूरी व्यवस्था की हुई है। बड़ौली ने विपक्ष पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा विपक्षी नेता झूठ बोलकर लोगों को भ्रमित करने का काम कर रहे हैं। बड़ौली ने चंडीगढ़ में भाजपा कार्यालय के सामने हुई घटना की निंदा की और कहा कि जल्द ही दोषी पकड़े जाएंगे। मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि नायब सैनी सरकार की नीति स्पष्ट है। लोगों को किसी तरह की परेशानी ना आए इसके लिए सरकार समय-समय पर समस्याओं के समाधान के लिए नई चीज डवलप करती है। उन्होंने कहा कि विपक्ष के लोग पोर्टल को लेकर अनाप-शनाप बयानबाजी करते रहते हैं।

## राष्ट्रीय पांडुलिपि सर्वेक्षण में तेजी लाने के निर्देश

**चंडीगढ़।** प्रदेश के मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने ज्ञान भारतम पहल कार्यान्वयन और राष्ट्रीय पांडुलिपि सर्वेक्षण के काम में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। मुख्य सचिव यहां उपायुक्तों, विश्वविद्यालयों के रजिस्ट्रारों और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक कर ज्ञान भारतम पहल के कार्यान्वयन और राष्ट्रीय पांडुलिपि सर्वेक्षण की समीक्षा कर रहे थे। रस्तोगी ने कहा कि यह कार्यक्रम प्रधानमंत्री के उस दृष्टिकोण को दर्शाता है, जिसमें भारत की ज्ञान परंपरा के संरक्षण, नवाचार और अनुकूलन को प्रमुख स्तंभ माना गया है। सितंबर 2025 में शुरू किया गया पोर्टल आधुनिक तकनीक की मदद से सदियों पुरानी पांडुलिपियों को संरक्षित किया जा रहा है।


### सार्वजनिक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका रतिया क्षेत्र में आने वाले सभी सार्वजनिक/सामुदायिक शौचालय सुचारू रूप से कार्य कर रहे हैं और उनका रख-रखाव नियमित रूप से किया जा रहा है। इसके आधार पर नगर पालिका रतिया, को ODF++ / Water+ बनाए रखने हेतु प्रतिबद्ध है। यदि इस संबंध में किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति या सुझाव हो, तो वह नगरपालिका रतिया के कार्यालय में इस सूचना के प्रकाशित होने के 7 दिवस के अंदर अपना सुझाव/आपत्ति दर्ज करवा सकता है। इसके अतिरिक्त यदि कोई व्यक्ति खुले में शौच करता पाया जाता है, तो उस पर 500/- का जुर्माना लगाया जाएगा। तथा यदि कोई व्यक्ति/सेप्टिक टैंक ऑपरेटर नाली/नाले या खुले स्थान पर सेप्टिक टैंक का अपशिष्ट (Faecal Sludge) खाली करता पाया जाता है, तो उस पर 5000/- रुपये का जुर्माना लगाया जाएगा। नगर पालिका रतिया सभी नागरिकों से स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग की अपेक्षा करती है।

-सचिव, नगर पालिका रतिया

### हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर परिषद गोहाना | वित्तीय वर्ष 2026-27 में एमसी गोहाना की मौजूदा स्ट्रीट लाइट का वार्षिक प्रचालन और रखरखाव + 8 कार्य। | 01.04.2026 08.04.2026 | -- | https://etenders.hry.nic.in | 1263252013 eo-gohana@ulbharyana.gov.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2027/40/44363/I/88/6 दि. 02.04.26


## प्रदेश के आठ जिलों से एसपी बदले

### जैन हिसार, राजपुरोहित रोहतक, नितिका फतेहाबाद, जसलीन डबवाली की एसपी नियुक्त

**चंडीगढ़।** प्रदेश में बृहस्पतिवार को एक बार फिर बड़ा प्रशासनिक फेरबदल हुआ है। सरकार ने 24 आईपीएस और पांच एचपीएस अधिकारियों के तबादले किए हैं। कई जिलों के पुलिस अधीक्षकों को भी बदला गया है।

- राजेश कुमार, एसपी एससीबी
- डॉ. अर्पित जैन, एसपी नूंह
- सुरेंद्र बोहरिया, एसपी (लॉ एंड ऑर्डर) हेडक्वार्टर
- शशांक कुमार सावन, एआईजी प्रशासन, पीएचक्यू
- मकसूद अहमद, एसपी एसवी व एसीबी
- नीतिश अग्रवाल, एसपी पलवल
- वरुण सिंगला, एसपी सुरक्षा, सीआईडी
- अर्श वर्मा, एसपी एसवी व एसीबी
- सिद्धांत जैन, एसपी हिसार
- नितिका खट्टर, एसपी फतेहाबाद
- पूजा वशिष्ठ, एसपी एसवी व एसीबी
- गौरव राजपुरोहित,एसपी रोहतक
- जसलीन कौर, एसपी डबवाली
- मेधा भूषण, डीसीपी सोनीपत
- दीपक जेवरिया, एसपी नारनौल
- दीप्ति गर्ग, डीसीपी झज्जर
- लोगेश कुमार, एसपी चरखी दादरी
- प्रबिना पी, डीसीपी मानेसर, कमांडेंट व अतिरिक्त कार्यभार
- राजेश मोहन, डीसीपी क्राइम फरीदाबाद
- शुभम सिंह, डीसीपी क्राइम, झज्जर
- प्रतीक गहलोत, डीसीपी ट्रैफिक, गुरुग्राम
- सोनाक्षी सिंह, डीसीपी सोनीपत
- उत्तम, डीसीपी एनआईटी फरीदाबाद
- प्रतीक अग्रवाल, डीसीपी बल्लभगढ़
- ममता खरब, एसपी एसवी व एसीबी
- सिद्धार्थ ढांडा, एसपी टेलीकॉम व अतिरिक्त कार्यभार
- संदीप कुमार, डीसीपी ईस्ट, गुरुग्राम
- धारणा यादव, डीसीपी झज्जर
- अनिल कुमार, कमांडेंट 5वीं बटालियन

## आठ नई पीएचसी के लिए 37.60 करोड़ मंजूर

**चंडीगढ़।** हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच और गुणवत्ता को बेहतर बनाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए मुख्यमंत्री द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में 8 नए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) के निर्माण के लिए 37.60 करोड़ की मंजूरी दी गई है। यह पीएचसी फतेहाबाद जिले के बनगांव और समैण, हिसार जिले के लाडवा, रोहतक जिले के गिरावड़ और समर गोपालपुर, सोनीपत के फरमाणा और सरगथल तथा सिरसा के मल्लेकन गांव में स्थापित किए जाएंगे।

## अस्पतालों को सीटी स्कैन का रिकॉर्ड रखना होगा

**चंडीगढ़।** स्वास्थ्य सेवाओं के महानिदेशक द्वारा राज्य के सभी सिविल सर्जनों और प्रधान चिकित्सा अधिकारियों को सीटी स्कैन और एमआरआई सेवाओं का रिकॉर्ड बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने इस बारे में निर्देश जारी करते हुए जिला नागरिक अस्पतालों में पीपीपी (पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप) मोड पर संचालित सीटी स्कैन और एमआरआई सेवाओं के सुचारू संचालन एवं पारदर्शिता सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया है।

## स्वास्थ्य संस्थानों में पानी के टैंकों की तत्काल सफाई के आदेश

**चंडीगढ़।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, आयुष, चिकित्सा शिक्षा और अनुसंधान की अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. सुमिता मिश्रा ने राज्य भर के सरकारी मेडिकल संस्थानों, विश्वविद्यालयों और स्वास्थ्य केंद्रों में पानी के सभी टैंकों की तत्काल जांच और सफाई के लिए सख़्त निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने सुरक्षित पानी की आपूर्ति सुनिश्चित करने में किसी भी तरह की लापरवाही के प्रति ज़ीरो टॉलरेंस करने) की नीति पर बल दिया है।डॉ. मिश्रा ने कहा कि समय-समय पर संज्ञान में आया है कि कई संस्थानों में पानी के टैंकों की नियमित रूप से सफ़ाई नहीं की जा रही है।

## कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष राव नरेंद्र को सीडी कांड मामले में राहत

### हाईकोर्ट ने ट्रायल पर रोक लगाई

**नारनौल।** हरियाणा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह को कथित सीडी कांड मामले में बड़ी राहत मिली है। पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने नारनौल की ट्रायल कोर्ट में चल रही कार्रवाई पर फिलहाल रोक (स्टे) लगा दी है। यह मामला वीरवार को अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश हर्षाली चौधरी की अदालत में सूचीबद्ध था। बताया जा रहा है कि इस मामले में एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) गुरुग्राम की ओर से अदालत में चार्जशीट दाखिल की गई थी। चार्जशीट को हाईकोर्ट में चुनौती दी गई थी, जिस पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने ट्रायल कोर्ट की आगे की कार्रवाई पर रोक लगा दी।

**सीएलयू के बदले कथित तौर पर पैसे मांगने का मामला:** यह मामला पलवल की 30 एकड़ जमीन के सीएलयू (चेंज ऑफ लैंड यूज) के बदले कथित तौर पर पैसों की मांग से जुड़े स्टिंग ऑपरेशन से संबंधित है। आरोप है कि कांग्रेस सरकार के दौरान स्वास्थ्य मंत्री रहते हुए राव नरेंद्र सिंह ने सीएलयू के बदले 50 करोड़ रुपये की मांग की थी। जानकारी के अनुसार वर्ष 2013 में धर्मेंद्र नामक व्यक्ति ने इस मामले में स्टिंग ऑपरेशन किया था। इसके बाद में वर्ष 2016 में इस संबंध में एफआईआर दर्ज की गई थी। इनेलो नेता रामपाल माजरा ने लोकायुक्त को शिकायत दी थी।


### उत्तर रेलवे

#### ई-नीलामी सूचना

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, उत्तर रेलवे अंबाला कैंट भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए उत्तर रेलवे के अंबाला मंडल के रेलवे स्टेशनों पर अनुबंधों के आवंटन के लिए IREPS वेबसाइट पर ई-ऑक्शन के माध्यम से बोलियां आमंत्रित करते हैं।

| S. No. | Lot No. | Description | Auction Start Date Time |
|---|---|---|---|
| 1. | Catg-UMB-PUL-GMU-72-24-1 (GMU) | कैटरिंग-जनरल माइनर यूनिट (जीएमयू) (साइज 10' X 6') जनरल श्रेणी के लिए पीएफ नं.1 रामपुरअपुल (पीयूएल) रेलवे स्टेशन। | 09.04.2026 12.00.00 hrs |
| 2 | Parking-UMB-GDB-MX-133-26-1 | गिदड़बाहा रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया के कुल क्षेत्रफल 522.38 वर्ग मीटर के व्यापक पार्किंग लॉट का आवंटन। | 09.04.2026 12.00.00 hrs |
| 3. | Parking-UMB-ABS-MX-90-26-1 | अबोहर रेलवे स्टेशन पर कुल क्षेत्रफल 1116.55 वर्ग मीटर का व्यापक पार्किंग लॉट। | 09.04.2026 12.00.00 hrs |
| 4. | MSS-UMB-UMB-PS-75-26-1 | अंबाला कैंट में सिंगल ब्रांड कंपनी के स्वामित्व वाली/संचालित प्रीमियम आउटलेट की स्थापना और संचालन अंबाला डिवीजन के रेलवे स्टेशन पर 05 वर्षों की अवधि के लिए (साइट-योजना के अनुसार) | 09.04.2026 12.00.00 hrs |

नीलामी लीजिंग आमंत्रण सूचना, नीलामी प्रपत्र, एक बार पंजीकरण व अधिक जानकारी हेतु, रेलवे वेबसाईट www.ireps.gov.inपर जाये।

1100/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

### नगरपालिका लोहारू।

#### सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर क्षेत्र में स्वच्छता एवं सार्वजनिक स्वास्थय को ध्यान में रखते हुए निम्न निर्देश जारी किये जाते हैं-

सभी नागरिक यह सुनिश्चित करें कि उनके भवनों में निर्मित/निर्माणाधीन सेप्टिक टैंक का निर्माण BIS मानक IS:2470 (part_1 & Part-2 के अनुसार की किया जाएगा।

भारत सरकार के प्रावधानों के अनुसार मैनुअल सफाई करवाना दंडनीय अपराध है जिसके लिए संबंधित व्यक्ति/संस्था के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

नगर के सभी नागरिकों से अपेक्षा की जाती है कि वे उपरोक्त निर्देशों का पालन करें तथा स्वच्छ एवं सुरक्षित वातावरण बनाए रखने में सहयोग प्रदान करें। यह सूचना जनहित में जारी की जाती है।

सचिव, नगरपालिका लोहारू।

सूचनार्थ

INDICATORS BENCHMARK (MUNICIPAL COMMITTEE, LOHARU)

| Category | Indicator | Benchmark |
|---|---|---|
| Water | . Coverage of water supply connection | 100% |
| | . Per capita supply of water | 135 lped |
| | . Extent of Non revenue water | 15% |
| | . Extent of metering | 100% |
| | . continuity of water supplied | 24 hours |
| | . Efficiency in redressal of customer complaints | 80% |
| | . Quality of Water Supplied | 100% |
| | . Cost Recovery | 100% |
| | . Efficiency in collection of water charges | 90% |
| Sewerage | . Coverage of Toilets | 100% |
| | . Coverage of Sewerage Network | 100% |
| | . Adequancy of Sewerage Treatment | 100% |
| | . Quality of Sewerage Treatment | 100% |
| | . Extent of Reuse and Recycling | 20% |
| | . Cost recovery in Waste water management | 100% |
| | . Efficiency in complaint redressal | 80% |
| | . Collection efficiencycharges | 90% |
| Solid Waste Management | . Household Level Coverage | 100% |
| | . Efficiency in Collection | 100% |
| | . Segregation of MSW | 80% |
| | . MSW Recovered | 90% |
| | . Scientific Disposal | 100% |
| | . Cost recovery | 100% |
| | . Collection of Charges | 90% |
| | . Complaint redressal | 80% |
| Storm Water | . Coverage | 100% |
| Drainage | . Incidence of water logging | 0% |

हस्ता/-सचिव,
नगरपालिका लोहारू।


## किसानों को समय पर बीज उपलब्ध करवाएंगे

**चंडीगढ़।** कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा की अध्यक्षता में विभागीय हाई पावर्ड परचेज कमेटी की बैठक आयोजित की गई। हरियाणा बीज विकास निगम के वार्षिक लेबर टेंडर से संबंधित एक अहम प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। बैठक में अधिकारियों ने बताया कि इस टेंडर की मंजूरी से बीज निगम की विभिन्न इकाइयों—हिसार, सिरसा, टोहाना, यमुनानगर, पटौदी और उमरी में बीज उत्पादकों से रॉ बीज की समय पर खरीद सुनिश्चित होगी। इसके बाद बीजों का संसाधन, पैकेजिंग और प्रमाणीकरण भी तय समय सीमा में पूरा किया जा सकेगा।


### कार्यालय नगर पालिका रतिया

#### सार्वजनिक सूचना

भारत सरकार द्वारा अधिसूचित Construction & Demolition Waste Management Rules, 2016 के प्रावधानों के अनुसार नगर पालिका क्षेत्र रतिया के अंतर्गत सभी भवन निर्माण, मरम्मत एवं विध्वंस कार्य करने वाले व्यक्तियों/संस्थानों को निर्देशित किया जाता है कि वे C&D वेस्ट का उचित प्रबंधन सुनिश्चित करें।

1. कोई भी व्यक्ति/संस्था निर्माण या विध्वंस कार्य से उत्पन्न मलबा (C&D Waste) को सार्वजनिक स्थान, सड़क, नाली, खाली प्लॉट या सरकारी भूमि पर नहीं डालेगा।
2. निर्माण/विध्वंस कार्य से उत्पन्न मलबा निर्धारित स्थल (डंपिंग साइट) पर ही डाला जाएगा, जिसकी जानकारी नगर पालिका कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।
3. मलबे को सड़क किनारे या सार्वजनिक स्थानों पर रखने की स्थिति में उचित कवरिंग एवं सुरक्षा प्रबंध करना अनिवार्य होगा, जिससे आम जनता को असुविधा न हो।
4. नियमों का उल्लंघन करने पर संबंधित व्यक्ति/संस्था के विरुद्ध C&D Waste Management Rules, 2016 के तहत 5000 जुर्माना एवं दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।
5. सभी नागरिकों से अनुरोध है कि स्वच्छ एवं सुंदर शहर बनाने में सहयोग करें तथा निर्माण मलबे का उचित निपटान सुनिश्चित करें।
6. इस सूचना का प्रभाव तत्काल प्रभाव से लागू होगा।

-सचिव, नगर पालिका रतिया

#### सार्वजनिक सूचना

नगर पालिका रतिया की ओर से सभी नागरिकों को सूचित किया जाता है कि सिंगल यूज़ प्लास्टिक (SUP) जैसे प्लास्टिक के कप, गिलास, प्लेट, चम्मच, स्ट्रॉ, ट्रे, थर्मोकोल की सजावटी सामग्री, प्लास्टिक के झंडे, स्टिक, कैंडी स्टिक, आइसक्रीम स्टिक, ईयरबड्स की प्लास्टिक स्टिक, पैकिंग फिल्म, मिठाई के डिब्बों के चारों ओर लपेटी जाने वाली प्लास्टिक, निमंत्रण कार्ड, सिगरेट पैकेट की प्लास्टिक रैपिंग, 100 माइक्रोन से कम मोटाई वाले बैनर तथा 120 माइक्रोन से कम मोटाई वाले प्लास्टिक कैरी बैग आदि का उपयोग, बिक्री, भंडारण और वितरण पूरी तरह से प्रतिबंधित है। यदि कोई व्यक्ति इन प्रतिबंधित प्लास्टिक वस्तुओं का उपयोग, बिक्री या भंडारण करता हुआ पाया जाता है, तो उस पर जुर्माना लगाया जाएगा। जुर्माने की राशि प्लास्टिक की मात्रा के अनुसार इस प्रकार है :

- 100 ग्राम तक : 500 रुपये
- 101 से 500 ग्राम तक : 1500 रुपये
- 501 ग्राम से 1 किलोग्राम तक : 3000 रुपये
- 1 किलोग्राम से 5 किलोग्राम तक : 10000 रुपये
- 5 किलोग्राम से 10 किलोग्राम तक : 20000 रुपये
- 10 किलोग्राम से अधिक : 25000 रुपये

यह नियम 1 जुलाई 2022 से लागू हैं और सभी दुकानदारों, व्यापारियों तथा आम नागरिकों पर समान रूप से लागू होते हैं। यदि आपको कोई व्यक्ति इन नियमों का उल्लंघन करता हुआ दिखाई दे, तो कृपया नगर पालिका या संबंधित विभाग को सूचना दें।

- सचिव, नगर पालिका रतिया

### कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

**अभियोग संख्या 77 दिनांक 01.04.26 धारा 127 (6) BNS थाना पुरानी सब्जी मण्डी जिला रोहतक ।**

**गुमशुदा की पहचान**



नाम - मुस्कान
पिता/पति का नाम - पुत्री मुकेश
पता - पुरानी सब्जी मण्डी जिला रोहतक ।
उम्र 20 वर्ष
कद-4 फुट 1 ईंच
हुलिया- रंग सांवला, लम्बुतरा चेहरा, पतला हस्ट पुष्ट शरीर।
पहनावा - हरे रंग का कढ़ाई वाला सुट सलवार व चुन्नी व पैरों में जूती पहने हुए है।

दिनांक 01.04.26 को मुस्कान पुत्री मुकेश निवासी पुरानी सब्जी मण्डी जिला रोहतक से बिना किसी को बताए अपने घर से चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है, जिसका अभी तक कोई सुराग पता नहीं लगा है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे।

1. प्रबन्धक थाना पुरानी सब्जी मण्डी रोहतक - 7082999116
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक - 01262-247200, 9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना पुरानी सब्जी मण्डी रोहतक- 9050426136

### कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

**अभियोग संख्या 58 दिनांक 19.03.26 धारा 127 (6) BNS थाना पुरानी सब्जी मण्डी जिला रोहतक ।**

**गुमशुदा की पहचान**



नाम - आँचल
पिता/पति का नाम - पुत्री विजय
पता - फतेहपुरी कालोनी जिला रोहतक ।
उम्र 22 वर्ष
कद-5 फुट
हुलिया- रंग सांवला, लम्बुतरा चेहरा, पतला हस्ट पुष्ट शरीर।
पहनावा - लाईट ग्रीन रंग सूट व पैरों में सैंडिल पहने हुए है।

दिनांक 18.03.26 को आँचल पुत्री विजय निवासी फतेहपुरी कालोनी थाना पुरानी सब्जी मण्डी जिला रोहतक से बिना किसी को बताए अपने घर से चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है, जिसका अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे।

1. प्रबन्धक थाना पुरानी सब्जी मण्डी रोहतक - 7082999116
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक - 01262-247200, 9996464100
3. प्रभारी चौकी सुखपुरा - 7082999135
4. अनुसंधानकर्ता थाना पुरानी सब्जी मण्डी रोहतक- 9728657789

### कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

**अभियोग संख्या 126 दिनांक 29.03.2026 धारा 126 (6) BNS 2023 थाना शिवाजी कालोनी रोहतक ।**

**गुमशुदा की पहचान बारे**



नाम - नन्दनी
पिता/पति- D/O अशोक पटेल
पता- निवासी गाजीपुर जिला खुशीनगर यु.पी. हाल किराएदार अमृत कालोनी
उम्र-19 वर्ष ।
कद-5 फुट ।
हुलिया - रंग गोरा, लम्बुतरा चेहरा, पतला शरीर ।
पहनावा दाहिन हाथ की उंगली पर जलने का निशान जो लाल रंग का शूट सलवार, गाजरी रगं की चुन्नी व पैरों में जूती पहने हुए है ।

दिनांक 29.03.2026 को नन्दनी
पिता/पति- D/O अशोक पटेल
पता - निवासी गाजीपुर जिला खुशीनगर यु.पी. हाल किराएदार अमृत कालोनी जिला रोहतक बिना किसी को बताए कहीं चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है। गुमशुदा का अभी तक कोई भी सुराग नहीं पता चला है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है, तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे।

1. प्रबन्धक थाना शिवाजी कालोनी रोहतक- 7082999119
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक- 01262-247200,999646400
3. अनुसंधानकर्ता थाना शिवाजी कालोनी रोहतक-8607646489

पीआरडीएच-1084/11/4649/2027/44383/88/6 दि. 02.04.2026

रोहतक
शुक्रवार 3 अप्रैल 2026
वैशाख मास कृष्ण पक्ष,
प्रतिपदा वर्ष : 30, अंक : 58
पृष्ठ 14 मूल्य 3 .00

मौसम
अधि. 37.8
न्यून. 17.7

हरिभूमि
हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com




7 धोनी जल्द कर सकते हैं वापसी

हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
पाठक सर्वे योजना
हरियाणा
माह : अप्रैल
दिनांक : 03 अप्रैल 2026

## खबर संक्षेप

### आयकर की नई वेबसाइट आसान होगा टैक्स भरना



**नई दिल्ली।** आयकर विभाग ने करोड़ों टैक्सपेयर्स को बड़ी सौगात दी है। दरअसल, आयकर विभाग ने एक नई वेबसाइट शुरू की है। खास बात है कि इस साइट पर एआई असिस्टेंट 'कर साथी' लॉन्च किया गया है। इससे टैक्स भरना पहले के मुकाबले और आसान हो जाएगा। ऐसे में टैक्स प्लानिंग और कर से जुड़े सवालों के जवाब आसानी से पा सकते हैं। *एजेंसी*

### हनी-बादशाह के विवादित गाने को हटाने का आदेश



**नई दिल्ली।** साल 2000 में रैपर, सिंगर हनी सिंह और बादशाह ने मिलकर एक गाना बनाया था, जो बाद में विवाद में घिर गया। दिल्ली हाईकोर्ट ने हर डिजिटल प्लेटफॉर्म से हटाने का आदेश दिया है। दोनों ने 'माफिया मुंडीर'नाम का एक ग्रुप बनाकर गाने लिखा करते थे। जिन्हें पसंद भी किया गया था। *एजेंसी*

### बनाया हाइब्रिड डिजिटल तकनीक से नया चेहरा



**चंडीगढ़।** पीजीआई चंडीगढ़ के डॉक्टरों और पंजाब यूनिवर्सिटी के इंजीनियरों ने हाइब्रिड डिजिटल तकनीक के जरिए एक गंभीर रूप से घायल युवती का चेहरा पुनर्निर्मित कर उसे नई जिंदगी दी है। करीब 30 वर्षीय युवती चारे काटने वाली मशीन के हादसे में अपने चेहरे का बड़ा हिस्सा खो बैठी थी। मेडिकल ग्रेड सिलिकॉन का उपयोग कर कृत्रिम चेहरा तैयार किया गया। *एजेंसी*

स्टिल्ट प्लस 4 फ्लोर नीति पर हाईकोर्ट की रोक

# आपकी सड़कें, सीवरेज और पार्किंग की सुविधाएं अब और अधिक आबादी का बोझ झेलने के लिए तैयार नहीं

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸| चंडीगढ़

खंडपीठ ने हरियाणा सरकार की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाए

पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट ने स्टिल्ट प्लस चार फ्लोर नीति पर अंतरिम रोक लगाते हुए हरियाणा सरकार को बड़ा झटका दिया है। एक जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने यह आदेश जारी किया है। अगली सुनवाई तक इस नीति से संबंधित अधिसूचना का प्रभाव और संचालन स्थगित रहेगा। खंडपीठ ने अपने आदेश में हरियाणा सरकार की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाए। कोर्ट ने कहा कि आपकी सड़कें, सीवरेज, पानी और पार्किंग जैसी सुविधाएं अब और अधिक आबादी का बोझ झेलने के लिए तैयार नहीं है।

## इंफ्रास्ट्रक्चर कैपेसिटी ऑडिट जैसे कदम को नजरअंदाज किया

### सुरक्षा को खतरे में डाल दिया

कोर्ट में गंभीर सवाल उठाते हुए याची पक्ष ने कहा कि राज्य सरकार ने राजस्व बढ़ाने के उद्देश्य से आम लोगों की सुरक्षा को खतरे में डाल दिया है। गुरुग्राम में बुनियादी ढांचे की भारी कमी के बावजूद सरकार ने इंफ्रास्ट्रक्चर कैपेसिटी ऑडिट जैसे जरूरी कदम को नजरअंदाज किया है। निचले इलाकों में लगातार जलभराव की समस्या पहले से गंभीर है, फिर भी बिना तैयारी के नीति लागू करना उचित नहीं। सरकार ने स्वच्छ और सुरक्षित शहरी वातावरण सुनिश्चित करने की अपनी संवैधानिक जिम्मेदारी से मुंह मोड़ा है।



### 2 जुलाई 2024 को लागू की थी नीति

हरियाणा सरकार ने 2 जुलाई 2024 को एक नोटिफिकेशन जारी कर गुरुग्राम समेत कई शहरों में यह नीति लागू की थी। इसके तहत रिहायशी प्लॉट्स पर स्टिल्ट पार्किंग के ऊपर चार मंजिल तक निर्माण की अनुमति दी गई। याची पक्ष ने कहा कि इस नीति से जनसंख्या घनत्व अचानक बढ़ेगा। सड़कों, सीवरेज, पानी और पार्किंग जैसी सुविधाएं अब और अधिक आबादी का बोझ झेलने के लिए तैयार नहीं है। कोर्ट ने कहा कि चूंकि मामले में विस्तृत सुनवाई अभी जारी है और बहस पूरी होने में समय लगेगा, इसलिए सरकार को फिलहाल स्टिल्ट प्लस फोर नीति लागू करने से रोका जाता है।

भोजशाला केस : मुस्लिम पक्ष ने पेश किए दस्तावेज

# हाईकोर्ट में 6 अप्रैल से लगातार होगी सुनवाई



**इंदौर/ धार।** इंदौर हाईकोर्ट डिवीजन बेंच में गुरुवार धार स्थित भोजशाला मामले में सुनवाई हुई। इस मामले में 6 अप्रैल सोमवार को दोपहर ढाई बजे से इंदौर हाईकोर्ट में रोज सुनवाई होगी। मुस्लिम पक्ष ने कोर्ट में मस्जिद होने के दस्तावेज पेश किए, जिस पर अगली सुनवाई 10 अप्रैल को होगी। मुस्लिम पक्ष ने कहा कि यह सिविल सूट का मामला है। हाईकोर्ट ने इस पर कहा कि सिविल सूट की सुनवाई 10 अप्रैल को धार स्थित जिला कोर्ट में होगी। कोर्ट ने सभी पार्टी को 10 तारीख को धार कोर्ट में मौजूद होने के आदेश दिए। हाईकोर्ट में चल रही सुनवाई के दौरान वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से वरिष्ठ वकील सलमान खुर्शीद भी जुड़े थे।

राज्य में कानून व्यवस्था ढही ▸▸ हमें पता है कौन हैं उपद्रवी

# प.बंगाल में न्यायिक अधिकारियों को बंधक बनाने पर सुप्रीम कोर्ट नाराज

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को पश्चिम बंगाल के मालदा जिले में एसआईआर से जुड़े 7 न्यायिक अधिकारियों को बंधक बनाए जाने की घटना पर नाराजगी जताई। कोर्ट ने कहा- उन्हें नौ घंटे बंधक बनाकर रखा। खाना-पानी तक नहीं मिला। यह घटना सोची-समझी और भड़काऊ लगती है। हमें पता है उपद्रवी कौन हैं, इनका मकसद न्यायिक अधिकारियों का मनोबल गिराना और चुनावी प्रक्रिया को बाधित करना है। सीजेआई सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस विपुल एम पंचोली की बेंच ने कहा कि राज्य में कानून-व्यवस्था ढह गई है। बेंच ने राज्य के गृह सचिव, डीजीपी और अन्य अधिकारियों से उनकी निष्क्रियता पर जवाब मांगा। दरअसल, 7 न्यायिक अधिकारी बुधवार को मालदा के बीडीओ ऑफिस पहुंचे थे। इनमें तीन महिलाएं थीं। तभी वोटर लिस्ट में नाम कटने के विरोध में हजारों लोगों ने ऑफिस को घेर लिया। मालदा में लगातार दूसरे दिन भी विरोध प्रदर्शन हो रहा है। गुरुवार को नारायणपुर स्थित बीएसएफ कैंप के सामने भीड़ इकठ्ठा हो गई। लोगों ने नेशनल हाईवे-12 को जाम कर दिया। सड़क पर टायरों में आग लगा दी गई।

1 9 घंटे तक बंधक बनाकर रखा, खाना-पानी तक नहीं मिला

2 यह घटना सोची-समझी और भड़काऊ लगती है इसका मकसद न्यायिक अधिकारियों का मनोबल गिराना और चुनावी प्रक्रिया को बाधित करना है



आगजनी करके रास्ता बंद किया गया

### सुप्रीम कोर्ट ने दिए सख्त आदेश

- सीबीआई या एनआईए जैसी स्वतंत्र एजेंसी से जांच हो। एजेंसी सीधे कोर्ट को रिपोर्ट देगी।
- चीफ सक्रेटरी, डीजीपी, डीएम और एसएसपी को कारण बताओ नोटिस जारी किया।
- सभी जिम्मेदार अधिकारियों को 6 अप्रैल को कोर्ट में पेश होने का आदेश दिया।
- चुनाव आयोग को कहा कि केंद्रीय सुरक्षा बल तैनात करें।
- जहां-जहां जज काम कर रहे हैं, वहां की सुरक्षा बढ़ाई जाए।
- जिस गेस्ट हाउस में जज रुके हैं, उनकी भी सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता की जाए।
- जिस जगह एसआईआर का काम चल रहा है, वहां एक बार में केवल पांच लोगों को जाने की अनुमति होगी। पूरी व्यवस्था की अच्छे से निगरानी रखी जाए।

### 9 घंटे ऐसे चला घटनाक्रम

**एक अप्रैल को सुबह 10 बजे** प्रदर्शनकारी छोटे ग्रुप में इकठ्ठा होते गए। फिर वे बीडीओ ऑफिस के करीब गए, यहां प्रदर्शन करने लगे।

**दोपहर 2 बजे** के करीब 7 इलेक्शन ऑब्जर्वर मालदा के माताबारी स्थित बीडीओ ऑफिस पहुंचे। ये सभी अधिकारी एसआईआर प्रोसेस से जुड़ा काम देख रहे थे।

**शाम 6 बजे :** वोटर लिस्ट में नाम कटने को लेकर हजारों प्रदर्शनकारी बाहर जमा इलेक्शन ऑब्जर्वर के ऑफिस पहुंचने की सूचना मिलते ही हजारों स्थानीय लोग बाहर जमा हो गए। उन्होंने एसआईआर में नाम कटने के विरोध में प्रदर्शन किया।

**शाम 7 बजे :** प्रदर्शनकारियों की ऑफिस के अंदर जाने की मांग प्रदर्शनकारियों ने ऑफिस का घेराव कर लिया। सभी 7 इलेक्शन ऑब्जर्वर को बाहर निकलने नहीं दिया। प्रदर्शनकारियों की मांग थी कि वे अधिकारियों के सामने अपनी बात रखना चाहते हैं। जिससे इनकार कर दिया गया।

**रात 11 बजे :** पुलिस सुरक्षा में अधिकारी निकाले गए, गाड़ी रोकने की कोशिश। कई घंटों तक चले हंगामे के बाद प्रदर्शनकारी जब नहीं हटे तो पुलिस की मदद लेनी पड़ी। पुलिस सुरक्षा में अधिकारियों को बाहर ले जाया गया। इस दौरान भी रास्ते में बैरेकेडिंग कर उन्हें रोकने की कोशिश की गई।

**रात 12 बजे :** न्यायिक अधिकारी की गाड़ियों में तोड़फोड़ की गई, ईंट से हमला। जिस गाड़ी से न्यायिक अधिकारियों को बाहर निकाला गया। उस गाड़ी पर प्रदर्शनकारियों ने ईंट से हमला किया। गाड़ी के शीशे तोड़ दिए गए।

खाकी की फिर हुई किरकरी

# कैथल में 4 पुलिसकर्मियों को 2-2 साल की कैद

## युवक की आत्महत्या मामले में लापरवाही बरतने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कैथल



न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी कैथल तुषार शर्मा की अदालत ने तत्कालीन सीआइए-2 हिसार के चार पुलिस कर्मियों को लापरवाही बरतने का दोषी करार देते हुए उन्हें दो-दो साल की कैद और 2-2 हजार रुपये प्रत्येक जुर्माने की सजा सुनाई है। इस बारे में प्रदीप कुमार निवासी फ्रेंड्स कॉलोनी कैथल ने थाना ढांड में मुकदमा दर्ज करवाया था। उन्होंने बताया कि शिकायतकर्ता प्रदीप निवासी कैथल के छोटे भाई अमरजीत ने उसे बताया था कि उसने डा. संदीप बूरा से 19 लाख तथा डा. अजय पुनिया निवासी हिसार से 10 लाख रूपये लेने हैं। इस बात से अमरजीत काफी परेशान था। डा. सन्दीप बूरा ने 9 लाख रुपये का चेक उसके चचेरे भाई कुलदीप के नाम दिया लेकिन वह बाउंस हो गया। सीआईए 2 ने अमरजीत के साथ मारपीट की और कहा कि तूने 18 लाख का घपला किया है। 9 लाख दे दो हम केस रफा दफा कर देंगे। इस बीच अमरजीत ने बस के नीचे कूद कर आत्महत्या कर ली है।

### अमरजीत ने परेशान हो दी थी जान

आरोप है कि अमरजीत ने सीआईए-2 हिसार से परेशान होकर आत्महत्या की है। ढांड पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर लिया लेकिन संदीप बूरा, अजय पुनिया और राम मेहर को जांच में केस से बाहर निकाल दिया। ढांड पुलिस ने सीआईए 2 हिसार के एएसआई फल सिंह, एचसी मक्खन लाल और बलजीत तथा सिपाही जगत के खिलाफ चार्जशीट अदालत में पेश कर दी। जेएमआईसी तुषार शर्मा ने दोनों पक्षों की दलीलों और सबूतों के आधार पर एएसआई फूल सिंह, हेड कांस्टेबल मक्खन लाल और बलजीत सिंह तथा सिपाही जगत सिंह को लापरवाही का दोषी करार देते हुए उन्हें दो-दो साल की सजा और व 2-2 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई।

# ईरान पर जीत हासिल की, उनकी सेना अब हमारे कंट्रोल में : ट्रंप

» 2-3 हफ्ते में ईरान पर बड़ा हमला करेंगे

» मिसाइल-ड्रोन क्षमता व नौसेना खत्म हो गई

» ईरान में सत्ता परिवर्तन हो चुका



**तेल अवीव/तेहरान (एजेंसी)।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने गुरुवार सुबह राष्ट्र के नाम संबोधन दिया। उन्होंने दावा किया कि अमेरिका को ईरान जंग में जीत मिली है। साथ ही चेतावनी दी कि अमेरिका 2-3 हफ्ते में ईरान पर बड़ा हमला करेगा। ट्रम्प ने आगे कहा कि ईरान की मिसाइल-ड्रोन क्षमता और नौसेना खत्म हो गई है। सैन्य ताकत काफी कमजोर हो गई है। इस सैन्य अभियान का अहम मकसद पूरा होने वाला है। ट्रम्प ने यह भी चेतावनी दी कि अगर समझौता नहीं हुआ, तो अमेरिका, ईरान को स्टोन एज, यानी पाषाण काल में भेज देगा। हालांकि उन्होंने यह दावा भी किया कि ईरान में सत्ता परिवर्तन हो चुका है और नई लीडरशिप पहले से कम कट्टर है।

### माजिद मौसवी ने अमेरिका को दी सख्त चेतावनी



ईरानी एयरस्पेस फोर्स के कमांडर माजिद मौसवी ने अमेरिका को सख्त चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि जो लोग ईरान को धमकी दे रहे हैं, वे असल में अपने ही सैनिकों को मौत की तरफ धकेल रहे हैं। माजिद मौसवी ने अमेरिका के रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ के बयान पर जवाब देते हुए कहा कि ईरान को 'स्टोन एज' (पाषाण युग) में भेजने की बात सिर्फ कल्पना है और ऐसा करना संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि हॉलीवुड ने आपके (अमेरिका) दिमाग में भ्रम पैदा कर रहा है। अमेरिका सिर्फ 250 साल पुराना देश है, जबकि ईरान की सभ्यता 6,000 साल पुरानी है और वो हमें डाराने की कोशिश कर रहा है। वहीं, ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड ने कहा कि होर्मुज स्ट्रेट उनके कंट्रोल में है और यह अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के बेतुके बयानों से नहीं खुलेगा। यह रास्ता तभी खुलेगा जब उसकी शर्तें मानी जाएंगी।

### भारत बोला-हम अकेले जिसने होर्मुज में नाविक खोए, वार्ता से ही समाधान संभव

ब्रिटेन की पहल पर होर्मुज स्ट्रेट को फिर से खोलने के लिए एक बड़ी ऑनलाइन बैठक हुई, जिसमें 60 से ज्यादा देशों ने हिस्सा लिया। इस बैठक में भारत की तरफ से विदेश सचिव विक्रम मिसरी शामिल हुए। बैठक में विक्रम मिसरी ने कहा कि होर्मुज संकट में अब तक सिर्फ भारत के ही नागरिक मारे गए हैं। भारत ने कहा कि इस पूरे संकट का हल सिर्फ बातचीत और शांति से ही निकल सकता है। भारत ने सभी देशों से अपील की कि तनाव कम करें और आपसी बातचीत के जरिए रास्ता निकालें।

**रूस बोला-पुतिन क्षेत्रीय नेताओं के संपर्क में**

ईरान युद्ध के बीच रूस ने कहा है कि वह इस संघर्ष को खत्म कराने में मदद के लिए तैयार है। क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने बताया कि राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन क्षेत्रीय नेताओं के संपर्क में हैं। पेसकोव ने कहा कि रूस ऐसी किसी भी पहल में योगदान देने को तैयार है, जिससे मौजूदा सैन्य टकराव को जल्द शांति की दिशा में बदला जा सके। उन्होंने बताया कि रूस स्थिति पर नजर रखे हुए है और जरूरत पड़ने पर कूटनीतिक स्तर पर सक्रिय भूमिका निभा सकता है। रूस की इस पेशकश को क्षेत्र में शांति बहाल करने की कोशिश के तौर पर देखा जा रहा है।

# आप ने चड्ढा को राज्यसभा उपनेता पद से हटाया



कहा- सदन में पार्टी की तरफ से नहीं बोलेंगे

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आम आदमी पार्टी (आप) ने गुरुवार को सांसद राघव चड्ढा को राज्यसभा के उपनेता पद से हटा दिया है। उनकी जगह यह पोस्ट राज्यसभा सांसद अशोक मित्तल दे दी है। पार्टी ने राज्यसभा सचिवालय को पत्र लिखकर यह जानकारी दी। लेटर में कहा कि सदन में पार्टी की तरफ से बोलने का समय न दिया जाए। राघव 2022 से पंजाब से राज्यसभा सांसद हैं। उनका कार्यकाल 2028 तक है। पार्टी ने इस फैसले की वजह नहीं बताई है। हालांकि, उन्होंने लंबे समय से पार्टी से दूरी बना ली थी और आप को लेकर कोई बयान नहीं दे रहे हैं।

# सोनीपत में पंजाब कांग्रेस नेता खुशबाज और ड्राइवर की मौत

## केएमपी पर पंक्चर लगवाने उतरे तो ट्रक ने कुचला

दिल्ली से लौट रहे थे, गनमैन घायल

**सोनीपत।** कुंडली-मानेसर-पलवल (केएमपी) एक्सप्रेसवे पर सड़क हादसे में पंजाब के कांग्रेस नेता खुशबाज जिटाना और उनकी डिफेंडर गाड़ी के ड्राइवर परमिंदर की मौत हो गई, जबकि उनका गनमैन गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा उस समय हुआ जब नेता दिल्ली से अपने घर पंजाब लौट रहे थे। रास्ते में गाड़ी का टायर पंक्चर होने के कारण वाहन को सड़क किनारे रोका गया था, तभी पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि कांग्रेस नेता की गाड़ी का पिछला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे में नेता और ड्राइवर की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद अफरा-तफरी मच गई और पुलिस ने तुरंत राहत कार्य शुरू किया।

# महिला आरक्षण बिल पर चर्चा को संसद का विशेष सत्र बुलाया



16 से 18 अप्रैल के बीच होगा बिल पर मंथन

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** संसद के बजट सत्र का आज अंतिम दिन है, लेकिन कार्यक्रम के अनुसार इसे अनिश्चितकाल के लिए खत्म नहीं किया जाएगा। बल्कि कुछ समय के लिए स्थगित किया जाएगा। इसके बाद दोबारा बुलाया जाएगा। सूत्रों के मुताबिक इस दौरान महिला आरक्षण कानून में संशोधन से जुड़े अहम बिल पर चर्चा की जाएगी। संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजू ने राज्यसभा में कहा कि सभी सदस्यों को इसकी जानकारी है। हालांकि उन्होंने सीधे तौर पर यह नहीं कहा कि सत्र को बढ़ाने का मकसद महिला आरक्षण कानून में संशोधन है।

# चार अंतरिक्ष यात्रियों को लेकर नासा का विशाल रॉकेट अंतरिक्ष की ओर रवाना

अमेरिकी फिर से चंद्रमा पर रख सकते हैं कदम

## वे ऐसी चीजों को देखेंगे जिन्हें आज तक किसी इंसान ने नंगी आंखों से नहीं देखा

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

चार अंतरिक्ष यात्रियों को लेकर नासा का एक विशाल नारंगी-सफेद रॉकेट गुरुवार सुबह फ्लोरिडा से अंतरिक्ष की ओर रवाना हुआ। यह प्रक्षेपण दर्शकों की कल्पनाओं को उस भविष्य की ओर ले गया, जिसमें अमेरिकी फिर से चंद्रमा पर कदम रख सकते हैं। जैसा कि अपोलो मिशन के स्वर्ण युग में हुआ था, जब पहली बार इंसानों को चंद्रमा की सतह पर पहुंचाया गया था। जब साफ आसमान में शक्तिशाली रॉकेट ने उड़ान भरी तो भीड़ ने जोरदार उत्साह दिखाया। यह अटलांटिक महासागर के ऊपर पूर्व दिशा में एक ऐसे सफर पर आगे बढ़ा जो अंतरिक्ष यात्रियों को चंद्रमा के चारों ओर ले जाएगा, लेकिन वहां उतरेगा नहीं। इंटेग्रिटी नामक अंतरिक्ष यान पर यह उड़ान वाइजमैन, विक्टर ग्लोबर, क्रिस्टीना कोच और जेरेमी हानसेन को लगभग 6,95,000 मील की परिक्रमा पर ले जा रही है। इसका उद्देश्य आगे की खोज के लिए रास्ता साफ करना, एक नए चंद्र लैंडिंग की तैयारी करना है। चंद्रमा पर स्थायी मानव उपस्थिति स्थापित करना और सौर मंडल में और दूर तक यात्राएं संभव बनाना है। आखिरी बार अंतरिक्ष यात्री इतनी दूर अपोलो 17 के दौरान, दिसंबर 1972 में गए थे।

### अपोलो मिशन दूसरे रास्ते से हुआ था

चंद्रमा की सतह के पास से उड़ान (फ्लाइबाय) के दौरान आर्टेमिस II का दल ऐसी चीजें देख सकता है जिन्हें आज तक किसी भी इंसान ने अपनी नंगी आंखों से नहीं देखा है। अंतरिक्ष यात्री चंद्रमा के उस दूर वाले हिस्से (फार साइड) के पास से गुजरेंगे, जो हमेशा पृथ्वी से दूर रहता है और इसलिए लंबे समय से रहस्य में डूबा हुआ है। वे चंद्रमा के उन हिस्सों को भी देख पाएंगे जिन्हें अपोलो मिशन के अंतरिक्ष यात्री अपने यान की कक्षा के कारण नहीं देख सके थे। अपोलो अभियानों के दौरान चंद्रमा के निकट वाले हिस्से (नियर साइड) से लाए गए नमूनों ने वैज्ञानिकों की चंद्रमा के बारे में समझ को बदल दिया। इससे उसकी संरचना और उत्पत्ति के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी मिली।

### चंद्रमा लगभग हर दृष्टि से असंतुलित

उदाहरण के लिए चंद्रमा का निकट वाला हिस्सा और दूर वाला हिस्सा पूरी तरह अलग हैं। एरिजोना विश्वविद्यालय की लूनर एंड प्लैनेटरी लैबोरेटरी के प्रोफेसर जेफ एंड्रयूज-हन्ना ने कहा कि चंद्रमा लगभग हर दृष्टि से असंतुलित है। नासा के अनुसार ओरियन यान के चंद्रमा के सबसे करीब पहुंचने के दौरान, चंद्रमा हाथ की दूरी पर पकड़ी गई एक बास्केटबॉल के आकार का दिखाई देगा। आर्टेमिस II का दल जो कुछ भी देखेगा उसकी तस्वीरें लेगा और उन्हें पृथ्वी पर वैज्ञानिकों को भेजेगा, जिससे भविष्य के आर्टेमिस अभियानों के लिए लैंडिंग साइट तय करने में मदद मिल सकती है।

## खबर संक्षेप

### एक जाति पर विवादित बयान पर एसई सस्पेंड



**सोनीपत।** एक समाज के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने के मामले में बिजली निगम के अधीक्षक अभियंता जीआर तंवर को भारी विरोध के बाद निलंबित कर दिया गया है। उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम के प्रबंध निदेशक ने वायरल वीडियो और संगठनों के बढ़ते दबाव को देखते हुए यह कड़ा फैसला लिया है। निलंबन के साथ ही आरोपित अधिकारी का मुख्यालय भी स्थानांतरित कर दिया गया है। यह वीडियो करीब छह महीने पुराना है और लघु सचिवालय में आयोजित एक विभागीय बैठक के दौरान का है। आरोपी जीआर तंवर ने एक बयान जारी कर सार्वजनिक रूप से क्षमा याचना की। तंवर का तर्क है कि जो वीडियो प्रसारित हो रहा है वह काट-छांट कर बनाया गया है।

### नाइजीरियन सहित तीन नशा तस्करी में गिरफ्तार

**नारनौल।** सीआईए ने मादक पदार्थों की तस्करी के एक नेटवर्क का पर्दाफाश करते हुए तीन आरोपितों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की, जिनमें एक विदेशी सप्लायर भी शामिल है। इस कार्रवाई की शुरुआत 13 मार्च को हुई थी। सीआईए टीम ने मोहल्ला मिश्रावाड़ा निवासी दिनेश को 19 ग्राम स्मैक (चिट्टा) के साथ पकड़ा। 30 मार्च को इस मामले में शामिल दूसरे आरोपित हिमांशु निवासी सलामपुरा को गिरफ्तार किया गया। वहीं, 31 मार्च को साउथ नाइजीरिया के अनम्बरा निवासी विदेशी नागरिक ईकेचुकवु को गिरफ्तार कर लिया। उसे पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

### होटल में कमरा बुक करवा किया सुसाइड

**रेवाड़ी।** रेलवे रोड स्थित होटल में कमरा किराए पर लेकर ठहरे गुरुग्राम के युवक की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। उसका शव कमरे में फांसी के फंदे पर लटका हुआ मिला। गुरुग्राम के खिड़की गांव निवासी नरेश कुमार ने वीरवार सुबह लगभग 10 बजे सचिन होटल में कमरा किराए पर लिया था। इसके बाद वह कमरे में ही ठहरा हुआ था।

## कुरुक्षेत्र में 11529.75 क्विंटल धान खरीद में गड़बड़ी का मामला, केस दर्ज

# इंस्पेक्टर की आईडी-पासवर्ड से काटे धान के 21 फर्जी गेट पास

इंस्पेक्टर को किया जा चुका है सस्पेंड, चार राइस मिलर्स ने गेट पास को इनवर्ड भी कर दिया था

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

जिले में धान खरीद सीजन के दौरान फूड सप्लाई विभाग के इंस्पेक्टर की आईडी-पासवर्ड का दुरुपयोग कर 21 फर्जी एग्जिट गेट पास काटने का मामला सामने आया है। इन गेट पासों के जरिए 27 आढ़तियों की 224 जे-फॉर्म के तहत 30,746 बोरी यानी करीब 11,529.75 क्विंटल धान का रिकॉर्ड तैयार कर दिया गया। इस मामले में खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के पीआर इंचार्ज इंस्पेक्टर कुलदीप सिंह की शिकायत पर साइबर क्राइम के तहत एफआईआर दर्ज की गई है। हालांकि विभाग ने कुलदीप सिंह को 12 मार्च को सस्पेंड भी कर दिया था। कुलदीप सिंह का दावा है कि 6 अक्टूबर को गेट पास कटने के आधे घंटे के भीतर ही उन्होंने विभाग को इसकी सूचना दे दी थी।

कुलदीप सिंह के अनुसार 6 अक्टूबर को सुबह 8:59 बजे से दोपहर 12:35 बजे के बीच उनकी आईडी से 21 एग्जिट गेट पास जनरेट किए गए। इसी दौरान सुबह 9:02 बजे से 12:36 बजे तक चार अलग-अलग राइस मिलों की आईडी से इन गेट पासों को इनवर्ड भी कर दिया गया। कुलदीप सिंह ने बताया कि उसी दिन दोपहर करीब 11:51 बजे शिव शक्ति राइस मिल के मालिक पवन कुमार ने फोन कर उनकी मिल की आईडी से 7 गेट पास इनवर्ड होने की जानकारी दी। इसके बाद उन्होंने तुरंत ई-खरीद पोर्टल चेक किया, जहां पता चला कि उनकी आईडी से कुल 21 गेट पास जनरेट हो चुके हैं। घटना के बाद उसी दिन करीब 1:20 बजे उन्होंने तत्कालीन जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक को मौखिक और लिखित सूचना दी। साथ ही इन 21 गेट पासों को डिलीट करने और संबंधित भुगतान रोकने की मांग की।

### इस धान के उठान के लिए नहीं आई कोई गाड़ी

मामले की जांच नायब तहसीलदार पिहोवा को सौंपी गई। जांच में सामने आया कि जिन 21 गेट पासों का रिकॉर्ड बनाया गया, उनके खिलाफ न तो कोई गाड़ी मंडी में आई और न ही धान का वास्तविक उठान हुआ। इंस्पेक्टर कुलदीप सिंह का कहना है कि गेट पास कटने की जानकारी मिलते ही उन्होंने आढ़तियों और अधिकारियों को अवगत कराया था और लिखित शिकायत भी दी थी। जिला स्तर पर गठित कमेटी की जांच में इसे तकनीकी खराबी बताया गया है, इसलिए इसमें उनकी कोई गलती नहीं है।

### भाकियू ने उठाए सवाल

भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) पिहोवा के प्रवक्ता प्रिंस वड़ैच ने आरोप लगाया कि आईडी-पासवर्ड का नियंत्रण जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक के पास होता है। उन्होंने कहा कि यदि इंस्पेक्टर ने तुरंत शिकायत दी थी तो फिर इतने बड़े स्तर पर गेट पास कैसे कट गए। उन्होंने मामले में तत्कालीन डीएफएससी की भूमिका की भी गहन जांच की मांग की है।

अगले दिन 7 अक्टूबर को फिर पत्र लिखकर मामले की जांच और आईपी एड्रेस ट्रेस करने के लिए कमेटी गठित करने की मांग की गई।

## अंजलि से विवाद में भोजपुरी स्टार पवन को मिली राहत



पवन की पीआर टीम के खिलाफ शिकायत दी, कहा-दुष्प्रचार से मेरा सीता का किरदार छिन गया

**फरीदाबाद।** हरियाणवी एक्टर अंजलि राघव व भोजपुरी स्टार पवन सिंह के बीच विवाद मामले में अंजलि राघव ने राज्य महिला आयोग की चेयरपर्सन रेनू भाटिया के सामने अपना पक्ष रखा। पवन सिंह ने लखनऊ में एक कार्यक्रम में उनकी कमर को छुआ था। हरियाणा महिला आयोग ने इस पूरे केस से पवन सिंह का नाम हटा दिया है। चेयरपर्सन रेनू भाटिया ने कहा- पवन सिंह ने माफी मांग ली थी। हालांकि पवन सिंह ने आए। अंजलि ने कहा कि मैंने पवन सिंह के खिलाफ शिकायत नहीं दी थी। गंदी वीडियो बनाने वाले उनकी पीआर टीम के 2-3 लोगों के खिलाफ शिकायत दी थी। वे दुष्प्रचार कर रहे हैं। उनके फोटो व नंबर पोर्न साइट पर भी डाले गए हैं। इस विवाद के बाद दिल्ली की रामलीला में मेरा सीता का किरदार छीन लिया गया। वहीं, मेरी शिकायत पर भी पुलिस ने गलत वीडियो साइट्स से नहीं हटवाए। अब 6 अप्रैल को पंचकूला में अगली सुनवाई होगी। इसमें आरोपियों को भी बुलाया जाएगा।

## छोटी बहन ने विवाद होने पर अपने साथियों को बुलाया

# गर्लफ्रेंड के घर गए युवक की चाकू घोंपकर हत्या, पांच आरोपी गिरफ्तार

- बड़ी बहन के ब्वॉयफ्रेंड का घर पर आना नहीं था पसंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

गर्लफ्रेंड से मिलने आए युवक की उसकी छोटी बहस से हुई कहासुनी ने खूनी रंग ले लिया। युवती की बहन ने विवाद के बाद फोन कर अपने दोस्तों को बुला लिया और उन्होंने चाकुओं से गोदकर युवक की हत्या कर दी। वारदात देखकर आसपास के लोगों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल युवक को उठाकर अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। उधर, पुलिस ने इस मामले में पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, जिनसे पूछताछ की जा रही है।

मृतक की पहचान दिल्ली के जैतपुर विस्तार निवासी 26 वर्षीय मानस राय के रूप में हुई। वह 1 अप्रैल की रात अपनी गर्लफ्रेंड से मिलने फरीदाबाद के पल्ला थाना क्षेत्र के रोशन नगर में आया था। उस समय युवती के पिता भी घर पर मौजूद थे। सभी लोग आपस में बातचीत कर रहे थे। इसी दौरान युवती की छोटी बहन इस बात को लेकर नाराज हो गई कि मानस यहां क्यों आया। विवाद बढ़ने पर उसने अपने कुछ जानकार युवकों को वहां बुला लिया। कुछ ही देर बाद युवती का जानकार अमन अपने साथी प्रिंस, रोशन, राहुल और अन्य युवकों के साथ मौके पर पहुंच गया। वहां पहुंचते ही आरोपियों ने मानस राय के साथ कहासुनी शुरू कर दी, जो जल्द ही झगड़े में बदल गई। आरोप है कि अमन ने अपनी जेब से चाकू निकालकर मानस राय पर हमला कर दिया।

बीच-बचाव करने की कोशिश में हर्ष नामक युवक के हाथ में भी चाकू लग गया। इसके बाद आरोपियों ने मानस के साथ लात-घूंसों और थप्पड़ों से मारपीट की। मारपीट के दौरान अमन ने दोबारा मानस राय के पेट में चाकू मार दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर जमीन पर गिर पड़ा। शोर-शराबा सुनकर आसपास के लोग घरों से बाहर निकल आए और तुरंत पुलिस को सूचना दी। घायल को दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल रेफर कर दिया गया, जहां इलाज के दौरान रात में उसकी मौत हो गई। मानस राय के पिता राजकुमार राय भी अस्पताल पहुंचे। उन्होंने पुलिस को लिखित शिकायत दी।



**फरीदाबाद।** पुलिस की गिरफ्त में हत्या के आरोपी।

### मुख्य आरोपी से पहले भी हुआ था विवाद

नवीन नगर चौकी इंचार्ज संदीप कुमार ने बताया कि 1 अप्रैल की रात रोशन नगर में जैतपुर विस्तार दिल्ली निवासी युवक की चाकू मारकर हत्या किए जाने की सूचना मिली थी। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए मामले की जांच शुरू की और 24 घंटे के भीतर एक नाबालिग सहित पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान प्रिंस और रोशन निवासी रूपनगर जैतपुर दिल्ली, राहुल निवासी टेकराम कॉलोनी जैतपुर तथा हर्ष निवासी अर्पण विहार के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार मुख्य आरोपी अमन की मृतक मानस राय के साथ पहले भी कहासुनी हो चुकी थी। फिलहाल पुलिस सभी आरोपियों से पूछताछ कर रही है। उन्हें शुक्रवार को अदालत में पेश किया जाएगा।

## फर्जी एनसीसी सर्टिफिकेट में पूर्व प्राचार्य गिरफ्तार

- 2010 से 2012 के बीच अहीर कॉलेज रेवाड़ी में फर्जी तरीके से बनाए थे एनसीसी सर्टिफिकेट

**रेवाड़ी।** एंटी करप्शन ब्यूरो की ओर से बीते वर्ष सितंबर माह में दर्ज किए गए जालसाजी के मामले में अहीर कॉलेज के एक पूर्व प्राचार्य ओएस यादव को गिरफ्तार किया है। इस मामले में एसीबी ने कई आरोपी बनाए हुए हैं। एसीबी की ओर से उनकी गिरफ्तारी भी जल्द हो सकती है। वर्ष 2010 से 2012 के बीच अहीर कॉलेज में फर्जी तरीके से ए न सी सी सर्टिफिकेट बनाने का मामला उजागर हुआ था। कॉलेज के तत्कालीन सहायक प्रोफेसर गजेंद्र यादव ने यह मामला उठाया था। आरोप थे कि एनसीसी के दस्तावेजों में हेराफेरी करते हुए फर्जी प्रमाण पत्र जारी किए गए हैं। इसके बाद गुरुग्राम एसीबी की ओर से गत वर्ष 9 सितंबर को जालसाजी का केस दर्ज किया गया था। एफआईआर में पूर्व प्राचार्य व एनसीसी अधिकारी सहित कई लोगों को नामदज किया गया था। बताया जा रहा है कि आरोपी पूर्व प्राचार्य ओएस यादव को एसीबी ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को एसीबी ने मामले की तफ्तीश में शामिल किया गया है।

## रशियन सेना में जबरन भर्ती करने का आरोप

# रूस-यूक्रेन युद्ध में सोनीपत के जवान फौजी की मौत

- आतंकवादी बनाने का डर व 2 लाख सैलरी का लालच देकर रूसी सेना में कर रहे भर्ती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत/गन्नौर

रूस और यूक्रेन के बीच चल रहा भीषण युद्ध हरियाणा के एक और लाल के लिए काल साबित हुआ। वीरवार को गांव इब्राहिमपुर कुराड़ में 26 वर्षीय अंकित का पार्थिव शरीर उसके पैतृक गांव पहुंचा तो पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई।

परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार, अंकित मार्च 2025 में करीब सात लाख रुपये खर्च कर भाषाई कोर्स करने रूस गया था। वह मॉस्को में रहकर अपनी पढ़ाई के साथ-साथ एक होटल में काम कर रहा था।

आरोप है कि वहां उसे और अन्य युवकों को रूसी सेना में शामिल होने के लिए मजबूर किया गया। उसे धमकी दी गई थी कि यदि वह सेना में भर्ती नहीं हुआ तो उसे आतंकवादी घोषित कर जेल में डाल दिया जाएगा। साथ ही उसे करीब 2 लाख रुपये मासिक वेतन का प्रलोभन भी दिया गया था। महज कुछ दिनों की मामूली ट्रेनिंग के बाद उसे अगस्त 2025 में सीधे युद्ध के मैदान में मौत के मुंह में धकेल दिया गया।

### दिव्यांग पिता का एक ही सहारा था अंकित



अंकित के कंधों पर पूरे परिवार की जिम्मेदारी थी। उसके पिता शारीरिक रूप से दिव्यांग हैं और बीमारी के कारण अपना एक पैर गंवा चुके हैं। दो बहनों की शादी के बाद अंकित ही अपने बूढ़े मां-बाप की एकमात्र उम्मीद थी। ग्रामीणों में इस बात को लेकर भारी रोष है कि किस तरह भारतीय युवकों को बहला-फुसलाकर या डराकर दूसरे देशों के युद्ध में बलि का बकरा बनाया जा रहा है।

**अक्टूबर में हुई थी आखिरी बार बात :** अंकित के मामा संजय ने बताया कि भांजे से अंतिम बार बात 9 अक्टूबर 2025 को हुई थी। उसके बाद संपर्क नहीं हुआ। इसी बीच करनाल के घरौंडा के एक युवक का शव जब भारत आया तब वहां से अंकित की शहादत की खबर आई।

## अवैध खनन से जुड़े घोटाले में आरोपी क्लर्क गिरफ्तार

- अब तक 16 आरोपियों की एसीबी कर चुकी गिरफ्तारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

अवैध खनन से जुड़े घोटाले में हरियाणा सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने कार्रवाई करते हुए माइनिंग विभाग के क्लर्क चंद्रशेखर को गिरफ्तार कर लिया है। इससे पहले करीब दस दिन पूर्व सहायक खनन अधिकारी को पंचकूला से गिरफ्तार किया गया था। यह कार्रवाई लंबे समय से चल रही जांच के बाद की गई है। इस मामले में एसीबी की टीम ने गिरफ्तार किए गए क्लर्क को इलाका मैजिस्ट्रेट की अदालत में पेश किया, जहां से उसे 14 दिन की न्यायिक हिरासत में नसीबपुर जेल भेज दिया गया। इस मामले में अब तक 16 गिरफ्तारियां हो चुकी हैं। अब सिर्फ एक आरोपी एमओ राजेंद्र फरार बताया जा रहा है।

जांच में सामने आया है कि वर्ष 2020 के दौरान नियमों को ताक पर रख सरकार को राजस्व के रूप में भारी नुकसान पहुंचाया गया। जांच के दौरान कुल 292 जब्त वाहनों के रिकार्ड खंगाले गए। इनमें से 43 मामलों में फर्जी दस्तावेजों के जरिए कम जुर्माना वसूलने की पुष्टि हुई। कई मामलों में वाहन की वास्तविक कीमत 30-40 लाख रुपये होने के बावजूद कागजों में इसे 25 लाख रुपये से कम दिखाया गया, जिससे जुर्माना सीधे आधा हो गया। इस पूरे घोटाले से सरकार को करीब 21 लाख रुपये की वित्तीय हानि पहुंचने का आंकलन किया गया है। एफआईआर में तत्कालीन खनन अधिकारी राजेंद्र प्रसाद, सहायक खनन अधिकारी संजय सिम्बरवाल, लिपिक चंद्रशेखर, कर्मचारी नरेंद्र कुमार, डाटा एंट्री ऑपरेटर अजीत कुमार सहित अन्य कर्मचारियों के नाम सामने आए हैं।

## सामूहिक नकल में डाहर व इसराना के परीक्षा केंद्र रद्द किए

**पानीपत।** पानीपत के गांव इसराना व डाहर में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूलों में कक्षा 10वीं व 12वीं की दो परीक्षाओं में सामूहिक नकल के कई वीडियो को ध्यान में रखते हुए उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया ने दोनों परीक्षा केंद्रों पर आयोजित हुई दोनों कक्षाओं की सभी परीक्षाओं को व परीक्षा केंद्रों को रद्द कर दिया है। इन परीक्षा केंद्रों पर आयोजित हुई दसवीं व बारहवीं कक्षाओं की परीक्षाएं बाद में करवाई जाएंगी। वहीं, दोनों परीक्षा केंद्रों पर तैनात रहे पुलिस व टीचिंग स्टाफ की कार्यप्रणाली की पुलिस जांच करवाई जा रही है। जांच में पता चला है कि सीसीटीवी कैमरे बंद करवा नकल करवाई गई। भिवानी बोर्ड के चेयरमैन डॉ. पवन कुमार ने कहा कि 25 फरवरी को हुई परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं की जांच करवाई जाएगी।

**अंक सुधार के लिए आवेदन 4 अप्रैल से :** बोर्ड अध्यक्ष डॉ. पवन कुमार ने बताया कि नई शिक्षा नीति के तहत विद्यार्थी तीन विषयों में अंक सुधार कर सकते हैं। वे 4 अप्रैल से तीन विषयों के पेपर दोबारा देने के लिए आवेदन कर सकते हैं। यह परीक्षा 20 अप्रैल के आस-पास होगी।

## अविवाहित पेंशन न बनने पर 56 वर्षीय कुंवारा टावर पर चढ़ा



- खेत में लगे बिजली टावर का मुआवजा भी बढ़ाने की मांग, पुलिस वालों से दूध मंगवाया, साढ़े तीन घंटे बाद नीचे उतरा



**सोनीपत।** सोनीपत के पुराने उपायुक्त कार्यालय परिसर में वीरवार सुबह गांव जाजी का एक 56 वर्षीय ग्रामीण जयभगवान मोबाइल टावर पर जा चढ़ा। करीब साढ़े तीन घंटे बाद ग्रामीण को कड़ी मशक्कत के बाद नीचे उतारा जा सका। नीचे आकर जयभगवान ने बताया कि वह अविवाहित है। सरकार की योजना के अनुसार वह पेंशन का हकदार है, लेकिन 56 वर्ष की आयु होने के बावजूद अब तक उसकी पेंशन शुरू नहीं हो पाई है। इसके साथ ही उसे एक एकड़ जमीन पर लगाए बिजली के टावर के बदले बेहद कम केवल 90 हजार रुपये मुआवजा मिला।

### पहले भी टावर पर चढ़कर जता चुका है विरोध

सुबह करीब 7 बजे टावर पर चढ़े जयभगवान पर लोगों की नजर 9 बजे पड़ी। पुलिस ने उसे नीचे उतरने को कहा तो उसने भूख लगने की कहकर दूध मांगा। रस्सी के सहारे उस तक दूध पहुंचाया। जांच में सामने आया है कि जयभगवान पहले भी जून 2015 में गांव में बिजली के टावर पर करीब 14 दिनों तक चढ़ा रहा था। वहीं अगस्त 2022 में गांव में चले अतिक्रमण विरोधी अभियान के दौरान भी उसने टावर पर चढ़कर अपना विरोध दर्ज कराया था।

## फर्जी अधिकारी बनकर व्यापारी का 31 लाख कैश व 30 तोले सोना लूटा

- पलवल में सर्राफा व्यापारी का ड्राइवर व कर्मचारी गाड़ी में जा रहे थे, कर्मचारी का अपहरण भी कर ले गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पलवल

नेशनल हाईवे-19 पर गुरुवार सुबह हथियारबंद बदमाशों ने खुद को राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) का अधिकारी बताकर एक सर्राफा व्यापारी के ड्राइवर और कर्मचारी से 31 लाख की नकदी और करीब 30 तोले सोना लूट लिया। आरोपी एक कर्मचारी का अपहरण करके भी अपने साथ ले गए।

शहर के मुख्य बाजार स्थित जेएस सर्राफ एंड संस के संचालक विकास जैन की कार सुबह साढ़े 6 बजे फरीदाबाद और दिल्ली के लिए रवाना हुई थी। कार में ड्राइवर राजकुमार और कर्मचारी विजय सवार थे। गाड़ी में दुकान की बिक्री के 31 लाख रुपये बैंक में जमा कराने और 30 तोला सोना दिल्ली के कारीगर को देने के लिए रखा था। नेशनल हाईवे-19 पर धर्मा ढाबा के पास पहुंचते ही सफेद रंग की एक अर्टिगा, एक क्रेटा और एक अन्य वाहन ने कारोबारी की कार को आगे-पीछे से घेर लिया। इसके बाद करीब 10 से 12 बदमाश गाड़ियों से उतरे। पीड़ित विकास जैन ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि दो आरोपी जबरन उनकी कार में घुस गए।

बदमाशों ने खुद को डीआरआई अधिकारी बताते हुए माल के बारे में पूछताछ की। जब ड्राइवर ने नकदी और सोना दिखाया तो उन्होंने उसे लूट लिया। आरोपी ड्राइवर को यह कहकर फरार हो गए कि अपने मालिक को बुलाकर लाओ, सेटिंग कर माल छोड़ देंगे। जबकि कर्मचारी विजय को अपनी गाड़ी में डालकर अपने साथ ले गए।



पुलिस टीम कैमरों की जांच करते हुए।

**सुविधा** उत्तर भारत की सबसे सुरक्षित जेल रोहतक में बनेगी, 35 करोड़ का होगा सुरक्षा कवच

# खूंखार गैंगस्टरों पर लगाम लगाने के लिए बन रही अल्ट्रा हाई सिक्योरिटी जेल

नई जेल 6 माह में बनकर होगी तैयार 75% काम पूरा

योगेंद्र शर्मा ▶▶ चंडीगढ़

रोहतक के सुनारिया में पहली अल्ट्रा हाई सिक्योरिटी जेल इस साल के अंत तक तैयार हो जाएगी। इस बारे में प्रदेश सरकार के एसीएस होम और खुद जेल विभाग के डीजी इसकी मॉनिटरिंग कर रहे हैं। फिलहाल, इसका 75 फीसदी काम पूर्ण हो चुका है। गृह विभाग के एसीएस यहां पर दौरा कर चुके हैं। इस जेल में खूंखार गैंगस्टरों के लिए अभेद्य दुर्ग तैयार होने जा रहा है। सीएस गृह विभाग सुधीर राजपाल का कहना है कि 75 फीसदी काम पूर्ण हो चुका है। यह लगभग छह माह में तैयार होगी। जेल को विशेष रूप से उन खूंखार अपराधियों और गैंगस्टरों के लिए तैयार किया गया है, जो सामान्य जेलों से नेटवर्क चलाते हैं। डीजी (जेल) आलोक मित्तल के अलावा एसीएस होम भी यहां पर कामकाज को देख चुके हैं। सीएमओ (मुख्यमंत्री ऑफिस) के अधिकारी इसके कामकाज को लेकर हर बैठक में अपडेट ले रहे हैं।

उच्चपदस्थ सूत्रों का कहना है कि साल के अंत तक जेल पूरी तरह तैयार होते ही हरियाणा की अलग-अलग जेलों में बंद लॉरेंस बिश्नोई और काला जठेड़ी जैसे गैंग्स के गुर्गों को यहां शिफ्ट करने की तैयारी है। जेल में कुल 312 सेल हैं, जिनमें अधिकतम 500 कैदियों को रखने की व्यवस्था है। जेल विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के अनुसार यह जेल न केवल हरियाणा बल्कि उत्तर भारत की सबसे सुरक्षित जेलों में से एक होगी।




### 500 कैदियों की होगी क्षमता

- लगभग 19 एकड़ में फैली जेल को किसी किले की तरह डिजाइन किया गया है, जिसे तोड़ना या और यहां से फरार होना नामुमकिन होगा।
- 500 कैदियों के लिए 312 सेल व 35 करोड़ का सुरक्षा कवच तैयार होगा।
- जेल की दीवारें और छत पूरी तरह कंक्रीट और लोहे के जाल से बनी हैं।
- सुरक्षा के मद्देनजर सेल के अंदर कोई भी बिजली का पॉइंट नहीं दिया है, ताकि कैदी बिजली के तारों का गलत इस्तेमाल न कर सकें।
- जेल के हर कोने पर हाई-डेफिनिशन सीसीटीवी कैमरे लगाए हैं, जो सीधे हेडक्वार्टर के कमांड सेंटर से जुड़े होंगे।
- जेल की चहारदीवारी इतनी मजबूत है कि इसे काटना संभव नहीं है।
- जेल विभाग हाई-सिक्योरिटी ब्लॉक में 'एडवांस फिजिकल सिक्योरिटी सॉल्यूशन' लागू कर रहा है। बॉडी वॉर्न कैमरों से कर्मचारी लैस होंगे।
- यहां जैमर्स लगाए जा रहे हैं जो 5G नेटवर्क को भी ब्लॉक कर देंगे।
- जेल के भीतर आने-जाने के लिए बायोमेट्रिक और फेस रिकग्निशन सिस्टम का इस्तेमाल होगा।


**MUNICIPAL CORPORATION DHAMTARI (C.G.)**

NIT No./470 dated. 23.03.2026
Tender System No. 187657

e-Procurement Tender Notice
Main Portal: http://eproc.cgstate.gov.in
NOTICE INVITING TENDER

Commissioner, Municipal Corporation Dhamtari invites online Tenders on Form "F" (Lump-Sum) From contractors registered in appropriate class in "unified Registration system e-Registration" PWD Chhattisgarh Govt. of C.G./Firms of repute for following work:-

| S. No | Name of work | Probable amount of contract (Rs. In Lakh) | Earnest Money (Rs. in Lakh) | Period of completion | Class of contractor | Bid submission fees | Validity of Tender |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | Construction/Balance Work of 182 Unit EWS Housing Blocks By Conventional technologies Including Infrastructure Development Complete At Mahimasagar Ward - Aarohi Builders Colony. & Vindhyawasini Ward - IDSMT Plot | 674.43 | 3.38 | 24 months (excluding rainy season) | Class 'B' & Above (Unified Registration System E Registration & Firms of repute) | Demand Draft of Rs. 10000.00 | 180 days from date of opening of financial offer |

Commissioner
Municipal Corporation Dhamtari (C.G.)

केंद्रीय गृह मंत्री ने पश्चिम बंगाल की राजनीति को लेकर बड़ा बयान दिया

## अमित शाह ने भवानीपुर में डाला डेरा, 15 दिन यहीं रहेंगे

# बोले-यहां से निकलेगी बंगाल में सत्ता परिवर्तन की राह



एजेंसी ▶▶ भवानीपुर

पश्चिम बंगाल चुनाव को लेकर केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने भाजपा की कमान संभाल ली है। गुरुवार को वे सुवेंदु अधिकारी के नामांकन में शामिल होने के लिए भवानीपुर पहुंचे और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर जमकर निशाना साधा। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि मैं बंगाल आया हूं और 15 दिन तक यहीं रहूंगा। मैं अधिकारी के नामांकन के लिए आया हूं। अधिकारी की जीत बंगाल में परिवर्तन की नींव रखने वाली है। शाह ने कहा कि पिछली बार ममता नंदीग्राम में हार गई थीं और इस बार भवानीपुर के साथ पूरे बंगाल में उन्हें हार का सामना करना पड़ेगा। पूरा बंगाल ममता की विदाई करने के लिए तैयार है। सुवेंदु नंदीग्राम से लड़ना चाहते थे, मैंने कहा था ममता के घर में जाकर उन्हें हराना है। उन्होंने जोर देकर कहा कि अधिकारी का नामांकन बंगाल में टीएमसी के पतन की शुरुआत साबित होगा। शाह ने दावा किया कि पूरे बंगाल का दौरा किया है और हर जगह से एक ही आवाज सुनाई देती है ममता को बाय-बाय कहने का समय आ गया है।

### पूरा बंगाल ममता बनर्जी की विदाई करने को तैयार

टीएमसी को बाय-बाय कहना चाह रहे लोग

'टोलबाजी' और गुंडागर्दी ने राज्य को पूरी तरह त्रस्त किया



भवानीपुर में रैली को संबोधित करते केंद्रीय गृहमंत्री शाह

### जनता चाह रही परिवर्तन

शाह ने टीएमसी सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि 'टोलबाजी' और गुंडागर्दी ने राज्य को पूरी तरह त्रस्त कर दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि बम धमाकों की घटनाएं बढ़ रही हैं और बेरोजगारी के कारण युवा परेशान हैं। पूरे बंगाल की जनता मांग कर रही है कि महान पश्चिम बंगाल के अंदर अब परिवर्तन होना चाहिए।

### शाह की मौजूदगी में सुवेंदु का नामांकन

शाह की मौजूदगी में भवानीपुर विधानसभा सीट से पार्टी के उम्मीदवार अधिकारी ने गुरुवार को नामांकन दाखिल किया।

### लोग यूडीएफ-एलडीएफ से तंग आ चुके : मोदी



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को केरल में भाजपा के बूथ स्तरीय कार्यकर्ताओं से कहा कि तिरुवनंतपुरम में स्थानीय निकाय चुनावों में पार्टी को मिली सफलता नौ अप्रैल को होने वाले विधानसभा चुनावों से पहले भाजपा के लिए बढ़ते समर्थन की लहर को दर्शाती है। मोदी ने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से हुए संवाद में कहा कि यह स्पष्ट है कि इस बार केरल न केवल एक नई सरकार, बल्कि एक नई व्यवस्था भी चुनने जा रहा है। इस चुनाव में भाजपा और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की लहर है। तिरुवनंतपुरम ने एक नई मिसाल कायम की है।

### टीएमसी कार्यकर्ताओं ने भाजपा पर किया हमला

भवानीपुर से अधिकारी के नामांकन दाखिल करने के दौरान भाजपा-टीएमसी कार्यकर्ताओं के बीच हाथापाई हो गई। टीएमसी समर्थकों ने भाजपा कार्यकर्ताओं पर हमला किया, जिसमें एक कार्यकर्ता गंभीर रूप से घायल हो गया। काफिला आगे बढ़ने के बाद भाजपा समर्थकों ने भी जवाबी कार्रवाई की, जिससे इलाके में तनाव और बढ़ गया।



### पश्चिम बंगाल: निर्वाचन आयोग ने आठवीं पूरक सूची प्रकाशित की

निर्वाचन आयोग ने पश्चिम बंगाल में आठवीं पूरक मतदाता सूची प्रकाशित की और कहा कि उसने विचाराधीन लगभग 52 लाख मामलों का निपटारा कर दिया है। आयोग ने आशा जताई कि कलकत्ता उच्च न्यायालय के निर्देशों के अनुसार अगले चार दिनों के भीतर यह प्रक्रिया पूरी हो जाएगी। सीईओ के कार्यालय ने अब तक मतदाता सूची से लगभग 35 से 40 प्रतिशत नाम हटा दिए हैं।

### रक्षक ममता बनर्जी बनना था, भक्षक बन गईं: गौरव



भाजपा के प्रवक्ता गौरव वल्लभ ने कहा कि रक्षक ममता बनना था, भक्षक बन गई हैं।

### सैकड़ों भाजपाइयों की हत्या की गई: किशन



सांसद रवि किशन ने कहा भाजपा के साथ ऐसा होता रहा है। अब तक वहां सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ताओं की हत्या हो चुकी है।

### मैं असम के मुसलमानों के खिलाफ नहीं हूं: गडकरी



असम में बांग्लादेशी प्रवासियों के मुद्दे पर केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि पूरी दुनिया में अवैध रूप से देश में प्रवेश करने वाले लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जाती है। मैं असम में रहने वाले मुसलमानों के खिलाफ नहीं हूं। असम में प्रवेश करने वाले बांग्लादेशी नागरिकों को मतदान का अधिकार देना सही नहीं है। हमने यह बात सिर्फ अपने राष्ट्रीय हित में कही है। जबकि कुछ पार्टियां वोट बैंक की राजनीति के लिए इस मुद्दे को सांप्रदायिक रंग दे रही हैं।

राहुल ने असम के लिए जारी किया कांग्रेस का घोषणापत्र

### शासन, पहचान और स्वास्थ्य के साथ 11 क्षेत्रों पर फोकस



कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को असम विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी का घोषणा पत्र जारी किया। इस घोषणा पत्र में शासन, पहचान और स्वास्थ्य जैसे 11 क्षेत्रों पर फोकस किया गया है। यह घोषणा पत्र एक चुनावी रैली के दौरान जारी किया गया, जिसमें असम कांग्रेस अध्यक्ष गौरव गोगोई और अन्य वरिष्ठ नेता मौजूद थे।

### घोषणापत्र में इन क्षेत्रों पर जोर

घोषणा पत्र में कुल 11 संकल्प शामिल हैं- शासन, पहचान, स्वास्थ्य, बुनियादी ढांचा विकास, औद्योगीकरण, कृषि, ग्रामीण और शहरी विकास, जलवायु परिवर्तन और सुरक्षित असम। कांग्रेस ने इससे पहले 29 मार्च को पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के दौरे के दौरान 'पांच गारंटी' भी जारी की थीं-

- बिना शर्त महिलाओं को 50 हजार रुपये तक का कर्ज।
- सभी वरिष्ठ नागरिकों को 1250 रुपये की पेंशन।
- 25 लाख रुपये का कैशलेस इलाज।

यूडीएफ का घोषणापत्र जारी

### 'मिशन समुद्र' से ग्लोबल हब बनाने का लक्ष्य



कांग्रेस के नेतृत्व वाले संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चे (यूडीएफ) ने गुरुवार को केरल वचुनावों के घोषणापत्र जारी किया। कोच्चि में तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने इस दस्तावेज को जारी किया। घोषणापत्र के केंद्र में मिशन समुद्र है, जो केरल को उसकी 600 किमी लंबी तटरेखा, 44 नदियों और बंदरगाहों से एक वैश्विक समुद्री केंद्र में बदलने की एक महत्वाकांक्षी योजना है।

आयोग ने की आपातकालीन बैठक

### 9 अप्रैल से 29 अप्रैल शाम 6:30 बजे तक एग्जिट पोल पर पूरी रोक



राष्ट्रीय चुनाव आयोग ने आपातकालीन बैठक वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से की। 9 अप्रैल सुबह 7 बजे से लेकर 29 अप्रैल शाम 6:30 बजे तक एग्जिट पोल का प्रकाशन बिल्कुल बंद रहेगा।



चेन्नई। टीवीके प्रमुख विजय ने नामांकन दाखिल किया और कहा कि इसके पहले मेरे साथ साजिश की गई थी।

## खबर संक्षेप

### द्वारका में सीएनजी पंप पर सिलेंडर फटा, 4 घायल



**पश्चिमी दिल्ली।** द्वारका जिले के नजफगढ़-मित्राऊं रोड स्थित सीएनजी पंप पर गैस भरते समय एक ट्रक का सीएनजी सिलिंडर अचानक फट गया। इस घटना में 4 लोग घायल हो गए, जिन्हें तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया। हादसे के समय पंप अटेंडेंट ट्रक (एचआर 63सी 4424) में सीएनजी भर रहा था, तभी सिलिंडर में विस्फोट हो गया। घायलों में दीपक , विकास कुमार और नीरज की पहचान हो गई है। एक घायल की पहचान अभी नहीं हो पाई है।

### हथियार तस्करी गिरोह का भंडाफोड़, चार पकड़े

**पटियाला।** पंजाब में अपराध पर शिकंजा कसते हुए पंजाब पुलिस को एक बड़ी सफलता मिली है। पटियाला पुलिस ने अंतरराज्यीय अवैध हथियार आपूर्ति करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से दस आधुनिक स्वचालित हथियार भी बरामद किए हैं। शुरुआती जांच में सामने आया है कि आरोपी बिहार से देसी हथियार मंगवाते थे और उन्हें पंजाब में आपराधिक गतिविधियों के लिए सप्लाई करते थे। यह गिरोह लंबे समय से सक्रिय था और अलग-अलग इलाकों में हथियार पहुंचाकर अपराध को बढ़ावा दे रहा था।

### बीएचयू में जाति पूछकर ब्राह्मण छात्र को पीटा

**वाराणसी।** बनारस हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू) में एक छात्र से जाति पूछकर मारपीट का मामला सामने आया है। छात्र ने बताया है कि बुधवार की सुबह करीब 11:45 बजे वह क्लास करने पहुंचा था। छात्र नेता हिमांशु वहां आया और उससे उसका कोर्स और जाति पूछने लगा। प्रशांत मिश्र की तहरीर पर वाराणसी पुलिस ने समाजवादी छात्र अध्यक्ष हिमांशु यादव के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। इससे कॉलेज परिसर में हंगामा खड़ा हो गया है। पुलिस कार्रवाई की मांग है।



## कोयला चोरी घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ईडी की कार्रवाई

# आई-पैक के दिल्ली-हैदराबाद बेंगलुरु स्थित ठिकानों पर छापा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पश्चिम बंगाल में कथित कोयला 'घोटाला' मामले में राजनीतिक परामर्श फर्म आई-पैक के एक अधिकारी, आम आदमी पार्टी (आप) के पूर्व संचार प्रभारी विजय नायर और कुछ अन्य लोगों से जुड़े परिसरों पर गुरुवार को बड़ी कार्रवाई की गई। ईडी ने दिल्ली, हैदराबाद और बेंगलुरु सहित देश के कई शहरों में आई-पैक के ठिकानों पर छापेमारी की है।

बेंगलुरु में आई-पैक के सह-संस्थापक और निदेशक ऋषि राज सिंह का परिसर और मुंबई में नायर का परिसर भी इसके दायरे में आते हैं। संघीय जांच एजेंसी ने जनवरी में इस मामले में आई-पैक कार्यालय और इसके संस्थापक एवं निदेशकों में से एक प्रतीक जैन के कोलकाता स्थित आवास पर छापेमारी की थी। आई-पैक पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की पार्टी टीएमसी के लिए चुनाव मैनेजमेंट का काम देखती है। आई-पैक और उसके डायरेक्टर पर करोड़ों रुपये के कोयला चोरी घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग का आरोप है। इस मामले में सीबीआई ने 27 नवंबर 2020 को एफआई दर्ज की थी। पूरा मामला करीब 2,742 करोड़ से जुड़ा है।

उधर, भाजपा का आरोप है कि आई-पैक पूरी तरह से भ्रष्टाचार में लिप्त है, जबकि टीएमसी इसे चुनाव से पहले डराने की राजनीति बता रही है।

**बेंगलुरु में आई-पैक के ऋषि राज सिंह के आवास पर भी तलाशी ली गई**

**कंपनी ममता की पार्टी टीएमसी के लिए चुनाव मैनेजमेंट का काम देखती है**

हैदराबाद में इस ठिकाने पर ईडी ने की छापेमारी



### कोलकाता के दफ्तर में भी हो चुकी रेड

पहले जनवरी में ईडी ने कोलकाता में आई-पैक के दफ्तर और डायरेक्टर प्रतीक जैन के घर पर छापेमारी की थी। हाल ही में ईडी ने सिंह और जैन को बयान दर्ज कराने के लिए समन भेजा था। दोनों ने इन नोटिस को रद्द कराने के लिए दिल्ली हाईकोर्ट का रुख किया। उनका कहना है कि वे बंगाल और तमिलनाडु में चुनाव में व्यस्त हैं।

### पिछली रेड के बीच पहुंची थीं ममता

8 जनवरी को ईडीकी टीम ने प्रतीक जैन के कोलकाता के गुलाउडन स्ट्रीट स्थित घर और दूसरी टीम सॉल्टलेक स्थित दफ्तर पर छापा मारा था। प्रतीक जैन ही ममता बनर्जी के लिए पॉलिटिकल स्ट्रैटजी तैयार करते हैं। कार्रवाई सुबह 6 बजे से शुरू हुई थी, लेकिन करीब 11:30 बजे के बाद मामला बढ़ा। सबसे पहले कोलकाता पुलिस कमिश्नर, प्रतीक के आवास पर पहुंचे। कुछ समय बाद सीएम ममता बनर्जी खुद लाउडन स्ट्रीट स्थित उनके घर पहुंच गईं। ममता वहां कुछ देर रुकीं। जब बाहर निकलीं, तो उनके हाथ में एक हरी फाइल दिखाई दी। इसके बाद वे आई-पैक के ऑफिस भी गईं।

## सुको की राजस्थान सरकार को फटकार

### नेशनल चंबल अभयारण्य की जमीन की अधिसूचना रद्द करने पर लगाई रोक

3 राज्यों में फैला संरक्षित क्षेत्र



नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने राजस्थान सरकार द्वारा नेशनल चंबल अभयारण्य की 732 हेक्टेयर जमीन की अधिसूचना रद्द करने के फैसले पर रोक लगा दी। अदालत ने स्पष्ट कहा कि संरक्षित प्रजातियों के लिए आरक्षित किसी भी भूमि का डी-नोटिफिकेशन स्वीकार नहीं किया जाएगा और राज्य सरकार की कार्रवाई आवश्यक कानूनी प्रक्रियाओं पर खरी नहीं उतरती। सुनवाई के दौरान अदालत ने राजस्थान सरकार को अवैध रेत खनन को 'सुविधा देने' के लिए कड़ी फटकार लगाई। न्यायालय ने 'माइनिंग माफिया' को 'डकैत' बताते हुए कहा कि राजस्थान में इनके कारण कई एसडीएम, पुलिसकर्मी और वन विभाग के अधिकारियों की जान जा चुकी है।

नेशनल चंबल अभयारण्य, जिसे नेशनल चंबल घड़ियाल वन्यजीव अभयारण्य भी कहा जाता है, लगभग 5,400 वर्ग किलोमीटर में फैला एक त्रि-राज्यीय संरक्षित क्षेत्र है। यह राजस्थान, मध्य प्रदेश और उप्र की सीमा पर चंबल नदी के किनारे स्थित है और घड़ियाल, रेड-क्राउन रूफ टर्टल तथा गंगा डॉल्फिन जैसी संकटग्रस्त प्रजातियों का प्रमुख आवास है। कोर्ट ने एमिकस क्यूरी और सेंट्रल एम्पावर्ड कमेटी की रिपोर्ट पर राजस्थान, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश से चार सप्ताह में जवाब मांगा है। परिवर्तन मंत्रालय को भी इस मामले में हलफनामा दाखिल करने के निर्देश दिए गए हैं।

### जन विश्वास विधेयक के पारित होने से जीवन यापन में सुगमता को बड़ा बढ़ावा मिलेगा: मोदी

**नई दिल्ली (भाषा)।** प्रधानमंत्री मोदी ने बृहस्पतिवार को संसद में जन विश्वास (उपबंधों का संशोधन) विधेयक, 2026 के पारित होने को देश में जीवन यापन और व्यापार करने में सुगमता के लिए एक बड़ा प्रोत्साहन बताया। उन्होंने कहा कि संसद द्वारा विधेयक पारित किए जाने से उन्हें 'अत्यंत प्रसन्नता' हुई है। प्रधानमंत्री ने 'एक्स' पर पोस्ट में कहा, 'यह विधेयक विश्वास पर आधारित ढांचे को मजबूत करता है और हमारे नागरिकों को सशक्त बनाता है। इसमें अप्रचलित नियमों और विनियमों को खत्म किया गया है।" प्रधानमंत्री ने कहा कि इससे मामलों का त्वरित निपटारा सुनिश्चित होगा और छोटे-मोटे अपराधों को अपराध की श्रेणी से बाहर करने से मुकदमेबाजी का बोझ कम होगा। उन्होंने कहा, "इस विधेयक को तैयार करने में अपनाई गई परामर्श प्रक्रिया भी उल्लेखनीय रही।" मोदी ने विधेयक के मसौदे में अपने विचार साझा करने वाले तथा सदन में इसका समर्थन करने वालों की भी सराहना की।

## दुर्घटना के बाद थे ग्राउंडेड

### तेजस विमान दो महीने बाद फिर से उड़ान के लिए तैयार

भाषा ▶▶ नई दिल्ली



■ विमान के सॉफ्टवेयर में पाई गई खामी को एचएएल ने किया दूर

भारतीय वायु सेना के तेजस हल्के लड़ाकू विमान अगले सप्ताह से उड़ान भरने के लिए तैयार हैं। दो महीने पहले हवाई अड्डे पर एक विमान से जुड़ी दुर्घटना के बाद पूरे बेड़े को उड़ान से रोक दिया गया था। लड़ाकू विमानों के निर्माता हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक (सीएमडी) डी.के. सुनील ने बताया कि 34 तेजस विमानों का पूरा बेड़ा आठ अप्रैल से उड़ान भरने के लिए तैयार है, क्योंकि विमान के सॉफ्टवेयर में पाई गई खामी को दूर कर लिया गया है।

### पति के तलाक देने की तिथि से तलाक प्रभावी: हाईकोर्ट

**प्रयागराज (उप्र)(भाषा)।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने कहा है कि मोहम्मदिया कानून के तहत पति जिस तिथि को तलाक देता है, उसी तिथि से तलाक प्रभावी हो जाता है और बाद में अदालत द्वारा तलाक की पुष्टि, महज घोषणात्मक प्रकृति की होती है। न्यायमूर्ति मदन पाल सिंह ने अपने आदेश में स्पष्ट किया कि अदालत का इस तरह का आदेश, निर्णय की तिथि से तलाक को प्रभावी नहीं बनाता, बल्कि इसका संबंध तलाक देने की मूल तिथि से होता है। अदालत ने उक्त टिप्पणी हुमैरा रियाज नामक एक महिला की याचिका पर सुनवाई करते हुए की। महिला ने प्रयागराज की परिवारिक अदालत के आदेश को चुनौती दी थी । पारिवारिक अदालत ने सीआरपीसी की धारा 125 के तहत दाखिल महिला का आवेदन खारिज कर दिया था। महिला ने अपने पति से गुजारा भत्ता की मांग करते हुए यह आवेदन दाखिल किया था। उच्च न्यायालय ने 10 मार्च को अपने निर्णय में महिला की याचिका स्वीकार कर ली।

### जग्गी हत्याकांड में अजीत जोगी का बेटा दोषी

*बिलासपुर(हरिभूमि न्यूज)। छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित रामावतार जग्गी हत्याकांड में हाईकोर्ट ने पूर्व मुख्यमंत्री अजीत जोगी के बेटे अमित जोगी को दोषी करार दिया है। चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा की डिवीजन बेंच ने उन्हें तीन सप्ताह के भीतर सरेंडर करने का आदेश दिया है। हाईकोर्ट ने सीबीआई के साक्ष्य को स्वीकार करते हुए यह फैसला सुनाया है। सीबीआई के वकील वैभव गोवर्धन ने कहा कि जिन साक्ष्यों के आधार पर अन्य आरोपियों को सजा हुई थी उन्हीं साक्ष्यों के आधार पर अमित जोगी के खिलाफ उपलब्ध तथ्यों पर कोर्ट ने पर्याप्त रूप से विचार नहीं किया था। वहीं फैसले पर अमित जोगी ने कहा है कि हाईकोर्ट ने पूरी सुनवाई का मौका दिए बिना उन्हें दोषी ठहरा दिया, जो उनके लिए अप्रत्याशित है। उन्होंने कहा कि उनके साथ अन्याय हुआ है।*



### अदाणी ने अयोध्या में राम मंदिर में पूजा-अर्चना की



*अयोध्या (उप्र)। अदाणी समूह के अध्यक्ष गौतम अदाणी ने बृहस्पतिवार को हनुमान जयंती के दिन अपने परिवार के साथ यहां राम मंदिर में भगवान राम की प्रार्थना की। गौतम अदाणी के साथ उनकी पत्नी प्रीति अदाणी और बेटे करण अदाणी थे। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने कहा कि अदाणी परिवार ने मंदिर में पवित्र अनुष्ठानों में भाग लिया और प्रार्थना की। गौतम अदाणी ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, "आज अयोध्या में हमें श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के दर्शन कर प्रभु श्रीराम का आशीर्वाद प्राप्त करने का सौभाग्य मिला।"*

### राज्यपाल समय पूर्व रिहाई के संबंध में मंत्रिपरिषद की सलाह मानने को बाध्य

**चेन्नई (भाषा)।** मद्रास उच्च न्यायालय ने बृहस्पतिवार को कहा कि क्षमादान और दोषी कैदियों की समय पूर्व रिहाई से संबंधित मामलों में राज्यपाल मंत्रिपरिषद की सलाह का पालन करने के लिए बाध्य हैं। न्यायमूर्ति एडी जगदीश चंद्र, न्यायमूर्ति जीके इलन्थिरैयन और न्यायमूर्ति सुंदर मोहन की पूर्ण पीठ ने एक खंडपीठ के निर्णयों के संदर्भ का जवाब देते हुए फैसला सुनाया। मुख्य न्यायाधीश के निर्देशों पर, वर्तमान पूर्ण पीठ का गठन दो मुद्दों पर निर्णय लेने के लिए किया गया था कि क्या राज्यपाल क्षमादान और समय से पहले रिहाई से संबंधित मामलों में मंत्रिपरिषद द्वारा दी गई सलाह मानने को बाध्य हैं और अगर बाध्य हैं, तो किन परिस्थितियों में राज्यपाल को मंत्रिपरिषद द्वारा लिए गए दृष्टिकोण से भिन्न दृष्टिकोण अपनाने का अधिकार है।

# पानी की बाल्टी में डूबने से 11 माह के बेटे की मौत से आहत मां ने की आत्महत्या

- बेंगलुरु के घर में दुर्घटनावश हुई घटना
- महिला का लिखा पत्र पुलिस को मिला
- बेटे को बचा नहीं सकी, मुझे माफ करना

भाषा ▶▶ बेंगलुरु

बेंगलुरु स्थित घर में 11 महीने के बेटे की दुर्घटनावश पानी की बाल्टी में डूबने से हुई मौत के बाद 29 वर्षीय महिला पेशेवर ने कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह घटना एक अप्रैल को चंद्र लेआउट थाना क्षेत्र में घटी।

पुलिस ने बताया कि महिला द्वारा अंग्रेजी में लिखा गया एक पत्र बिस्तर के पास मिला, जिसमें उसने कहा था कि उसके बेटे की पानी में गिरकर मौत हो गई और वह उसे बचा नहीं सकी। इसके लिए उसने माफी मांगी। अधिकारियों ने बताया कि यह मामला तब सामने आया जब महिला के पति, इंजीनियर महंतेश वली ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि दंपति पिछले चार वर्षों से किराए के मकान में रह रहे थे और उनका अगस्त्य नाम का 11 महीने का एक बेटा था।

शिकायत के अनुसार, प्रतिभा वाली सिल्क बोर्ड के पास एक तकनीकी कंपनी में कार्यरत थीं और घर से काम कर रही थी। एक अप्रैल को सुबह करीब नौ बजे महंतेश काम पर चला गया, जबकि उसकी पत्नी और बच्चा घर पर थे। शाम करीब 6:30 बजे जब वह लौटा और दरवाजा खटखटाया तो कोई जवाब नहीं मिला। उसने अपनी पत्नी को फोन किया, लेकिन उसने जवाब नहीं दिया।

### जांच में जुटी पुलिस

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि इसके बाद उसने खिड़की के पास रखी एक अतिरिक्त चाबी निकाली और दरवाजा खोलकर घर में प्रवेश किया। कमरे में देखने पर उसने पाया कि पत्नी ने साड़ी से कथित तौर पर फांसी लगा ली थी। उसने पत्नी की बाईं कलाई पर एक 'कट' और खून के धब्बे भी देखे। अधिकारी ने बताया कि दंपति का बेटा अगस्त्य बिस्तर पर पड़ा था और जब उसने जांच की तो उसे मृत पाया। पुलिस ने बताया कि मौके से 15 गोलियों का एक खाली पत्ता भी बरामद हुआ है और आशंका है कि महिला ने इन गोलियों का सेवन किया हो। हालांकि, पति ने इन मौतों को लेकर संदेह व्यक्त किया है और कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने बताया कि मामले में आगे की जांच जारी है।

हरियाणा सरकार

"मुझे विश्वास है की संकट की उभरती स्थिति में "टीम इंडिया" के रूप में मिलकर काम करते हुए देश इस स्थिति से सफलतापूर्वक निपट लेगा। सरकार की प्राथमिकता आर्थिक और व्यापारिक स्थिरता बनाए रखना, ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करना, नागरिकों के हितों की रक्षा करना तथा उद्योग और आपूर्ति श्रृंखलाओं को मजबूती प्रदान करना है।"

**- नरेन्द्र मोदी**



# नियमित व निर्बाधित
## एल.पी.जी. की सप्लाई और डिस्पैच

प्रदेश में एलपीजी की पर्याप्त उपलब्धता
**आपूर्ति सुचारू रूप से जारी**



**न करें अफवाहों पर गौर**

## जनता से अपील

कृपया घबराहट में अनावश्यक बुकिंग न करें

केवल आधिकारिक स्रोतों से ही जानकारी प्राप्त करें

### नियमित व निर्बाधित एल.पी.जी. की सप्लाई और डिस्पैच के लिए
### प्रातः 8 बजे से सायं 8 बजे तक चंडीगढ़ मुख्यालय तथा सभी जिलों पर कन्ट्रोल रूम स्थापित

| क्रमांक | जिला का नाम | कन्ट्रोल रूम नं. | क्रमांक | जिला का नाम | कन्ट्रोल रूम नं. |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अम्बाला | 0171-2982868 | 14 | नारनौल | 01282-251249 |
| 2 | भिवानी | 01664-242125 | 15 | पानीपत | 0180-2653850 |
| 3 | फरीदाबाद | 0129-2288245 | 16 | पंचकूला | 0172-2929353 |
| 4 | फतेहाबाद | 01667-230773 | 17 | रेवाड़ी | 01274-225214 |
| 5 | गुरुग्राम | 0124-2868930 | 18 | रोहतक | 01262-269895 |
| 6 | हांसी | 01663-254074 | 19 | सिरसा | 01666-248422 |
| 7 | हिसार | 01662-233944 | 20 | सोनीपत | 0130-2242428 |
| 8 | जीन्द | 01681-245375 | 21 | यमुनानगर | 01732-237800 |
| 9 | झज्जर | 01251-254270 | 22 | पलवल | 01275-248911 |
| 10 | करनाल | 0184-2285963 | 23 | चरखी-दादरी | 01250-295501 |
| 11 | कैथल | 01746-224243 | | | |
| 12 | कुरुक्षेत्र | 01744-294418 | | | |
| 13 | मेवात | 01267-274615 | | | |

**मुख्यालय**
**1800-180-2087**

सूचना, लोक संपर्क तथा भाषा विभाग, हरियाणा

www.prharyana.gov.in | Follow us on @dipprharyana

चिंतन

# सुरक्षा के लिए चुनौती बने चीनी कैमरों पर सख्ती

देश की आंतरिक सुरक्षा में आज के समय में डिजिटल ढांचे की मजबूती बेहद जरूरी है। ऐसे समय में जब हर गली, चौराहे, सरकारी दफ्तर और संवेदनशील प्रतिष्ठानों की निगरानी सीसीटीवी कैमरों के भरोसे है, उन्हीं कैमरों के जरिए सुरक्षा में सेंध की आशंका गंभीर चिंता का विषय है। दिल्ली में लगे करीब 1.40 लाख चीनी सीसीटीवी कैमरों को हटाने का आदेश इसी खतरे की गंभीरता को रेखांकित करता है। दरअसल, तकनीक अब दोधारी तलवार बन चुकी है। एक ओर यह सुरक्षा का मजबूत कवच प्रदान करती है, तो दूसरी ओर अगर यही तकनीक बाहरी नियंत्रण में हो तो यह देश के लिए जासूसी का सबसे खतरनाक हथियार बन सकती है। चीन की कंपनियों द्वारा निर्मित कैमरों को लेकर लंबे समय से यह आशंका जताई जाती रही है कि इनके जरिए डेटा लीक या बैकडोर एक्सेस संभव है। इनके जरिये डेटा पाकिस्तान तक भेजा जा रहा है। हाल ही में हरियाणा, दिल्ली, यूपी और आसपास के क्षेत्रों से जुड़े पाकिस्तानी जासूसी रैकेट का खुलासा इस खतरे की वास्तविकता को सामने लाता है। अगर देश के भीतर लगे निगरानी उपकरण ही दुश्मन के हाथों में सूचना पहुंचाने का जरिया बन जाएं, तो यह केवल तकनीकी चूक नहीं, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा में गंभीर खामी मानी जाएगी। यह मामला केवल एक शहर या एक राज्य तक सीमित नहीं है, बल्कि पूरे देश के डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर की सुरक्षा पर सवाल खड़ा करता है। यह भी ध्यान देने योग्य है कि वैश्विक स्तर पर कई देशों ने पहले ही ऐसे उपकरणों पर प्रतिबंध या नियंत्रण लगा दिया है। अमेरिका, इजराइल जैसे देशों ने सुरक्षा के दृष्टिकोण से विदेशी तकनीक के उपयोग में बेहद सतर्क नीति अपनाई है। भारत जैसे विशाल और संवेदनशील देश के लिए यह और भी जरूरी हो जाता है कि वह अपने डिजिटल संसाधनों को आत्मनिर्भर और सुरक्षित बनाए। दिल्ली में पीडब्ल्यूडी द्वारा लगाए गए लाखों कैमरों में बड़ी संख्या एक ही चीनी कंपनी के होने का तथ्य यह भी दर्शाता है कि हमने लागत और सुविधा के नाम पर सुरक्षा से समझौता किया। सबसे बड़ा खतरा तथाकथित 'बैकडोर एक्सेस' का है। यदि किसी कंपनी के पास अपने उपकरणों पर दूर से नियंत्रण या डेटा तक पहुंच की क्षमता है तो वह किसी भी समय संवेदनशील जानकारी हासिल कर सकती है। यह खतरा केवल जासूसी तक सीमित नहीं, बल्कि साइबर हमलों और महत्वपूर्ण ढांचे को पंगु बनाने तक जा सकता है। ऐसे में सरकार द्वारा इन कैमरों को हटाने का निर्णय एक एहतियाती कदम ही नहीं, बल्कि अनिवार्य कार्रवाई है। जरूरी है कि इस फैसले को केवल राजनीतिक चश्मे से न देखा जाए। यह मुद्दा किसी एक पार्टी या सरकार का नहीं, बल्कि देश की सामूहिक सुरक्षा का है। पिछले वर्षों में तेजी से बढ़ते डिजिटलीकरण के साथ हमने विदेशी तकनीक पर जो निर्भरता बढ़ाई है, अब समय आ गया है कि उसकी समीक्षा की जाए। इससे स्पष्ट संदेश निकलता है कि सुरक्षा के मामले में आत्मनिर्भरता ही सबसे बड़ा समाधान है। 'मेक इन इंडिया' और 'डिजिटल इंडिया' जैसे अभियानों को अब केवल नारे नहीं, बल्कि ठोस रणनीति के रूप में लागू करने की जरूरत है। सीसीटीवी कैमरे केवल निगरानी का साधन नहीं, बल्कि देश की सुरक्षा की आंखें हैं। अगर इन आंखों पर किसी और का नियंत्रण होगा, तो खतरा केवल दिखाई देने वाला नहीं, बल्कि अदृश्य भी होगा। इसलिए चीनी कैमरों पर सख्ती केवल एक प्रशासनिक फैसला नहीं, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा की दिशा में उठाया गया एक जरूरी और समायोचित कदम है।

# 'भारत' में नक्सल मुक्त नया 'बस्तर' शाह के संकल्पों का परिणाम



विचार
ओपी चौधरी

बस्तर में हुई शहादतों को सच्ची श्रद्धांजलि मिली 31 मार्च 2026 को 31 मार्च 2026 का दिन बस्तर के इतिहास में स्वर्णिम अक्षरों में दर्ज हो गया। वह दिन जब केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह द्वारा निर्धारित समय-सीमा पूरी हुई और बस्तर से नक्सलवाद का जड़ से खात्मा हो गया। बस्तर की धरती पर शहीदों की समाधियों पर फूल चढ़ाए गए, दीप जलाए गए और उनके बलिदान को सच्ची श्रद्धांजलि दी गई। वर्षों तक बंदूक की नोक पर जीने वाले बस्तर के आदिवासी परिवारों ने पहली बार बिना डर के सांस ली।

जंगलों में गूंजती गोलियों की आवाज की जगह अब विकास की ध्वनि सुनाई देगी। स्कूल की घंटियाँ, अंदरूनी सड़कों पर चलती यात्री बसें, साप्ताहिक हाट बाजार, दशकों तक नहीं बोए गए खेतों में किसानों की हलचल। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की यह श्रद्धांजलि केवल शब्दों में नहीं, बल्कि बस्तर की बदलती जिंदगी की तस्वीर में नजर आ रही है। इसके लिए छत्तीसगढ़ के पक्ष-विपक्ष दोनों को मिलकर अमित शाह जी का नागरिक अभिनंदन करना चाहिये ।

नक्सलवाद का बस्तर में चरमकाल चार दशक से अधिक चला। 1980 के दशक से लेकर 2025 तक यह क्षेत्र 'रेड कॉरिडोर' का सबसे घना हिस्सा बना रहा। दंतेवाड़ा, सुकमा, बीजापुर, नारायणपुर, कोंडागांव जैसे जिलों में नक्सलियों की 'समानांतर सरकार' चलती थी। बंदूक, क्रूरता और भय का माहौल था। सड़कें नहीं बनती थीं, स्कूल बंद रहते थे, अस्पतालों तक पहुंचना असंभव था। लेकिन 2014 के बाद, खासकर 2024 से शुरू हुए अभियान ने स्थिति को पलट दिया। 2011 में बतौर कलेक्टर दंतेवाड़ा मेरे लिए यह सोचना भी कठिन था कि इस नक्सलवाद खत्म हो जाएगा और इसे ऐसा होता हुआ देख सकूंगा! यह विचार भी कभी मेरे मन में आ भी नहीं सका था।

इस तरह की परिस्थितियां जो बस्तर में मेरी कलेक्टर दंतेवाड़ा के रूप में पोस्टिंग से पहले सुनी थी और जाने के बाद मैंने देखी वह ऐसी किसी कल्पना को साकार ही नहीं होने दे रही थी। दंतेवाड़ा में रहते हुए जब पहली बार किसी ऐसे बेल्ट में काम करने का मौका मिला जहां बहुत कुछ करने की संभावना साफ दिखाई दे रही थी।जिसमें बंदूक और क्रूरता के सामने समूचा सिस्टम काम करने से पहले ही मन में को ही डराने लगता था। कोई ऐसा सप्ताह ऐसा नहीं जाता था,जब हमें नए शहीदों को श्रद्धांजलि नहीं देनी होती थी। हां, ऐसा ही कुछ दुर्भाग्यजनक था बस्तर का हाल! इस बस्तर में बीते चार दशक से ज्यादा समय में ना जानें कितनी मौतें जंगल में, सड़क में दर्ज हैं। मानों इसे अमिट स्याही से लिखा गया बस्तर का भविष्य दिखाई देता था।



जावंगा में एजुकेशन सिटी निर्माण के दौरान नक्सलियों का धमकी भरा पत्र मिलना इस तरह की योजनाओं को बंद करने की कोशिश ही थी। हम बस्तर के उस हिस्से में थे जहां 6 अप्रेल 2010 को ताड़मेटला में 76 जवान शहीद हो चुके थे,जो आजाद भारत में एक साथ शहादत की सबसे बड़ी घटना थी।इससे पहले सैकड़ों लैंडमाइन ब्लास्ट से सैकड़ों जाने जा चुकीं थीं। यहां दंतेवाड़ा अरनपुर तक सड़क निर्माण के लिए दो हजार से ज्यादा जवानों की तैनाती होती थी। ऐसे दर्जनों सड़कें थीं जिसमें ठेकेदार काम करने के लिए तैयार नहीं थे। कोई स्कूल बनाना नहीं चाहता था।

ऐसे में 25 मई 2013 में झीरम हमलें में कांग्रेस के बड़े नेताओं की शहादत हो जाती है। और इसके बाद 9 अप्रैल 2019 में भाजपा के युवा विधायक भीमा मंडावी की मौत आईईडी ब्लास्ट से होने की खबर आती है। यानी पुराने बस्तर में कोई भी सुरक्षित नहीं था। जरा सोचिए बस्तर में लगातार घट रही इन घटनाओं का प्रभाव स्थानीय आदिवासियों के मन में कितना पड़ रहा होगा?

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हथियारबंद आतंक के खात्में के संकल्प को पूरा करने सशक्त नेतृत्व दिया और गृहमंत्री अमित शाह ने तारीख तय कर दी। उन्होंने अगस्त 2024 में समीक्षा के बाद स्पष्ट समय-सीमा तय की '31 मार्च 2026' तक देश को नक्सल मुक्त करना है। यह पहली बार हुआ जब तारीख बताकर उस दिशा में प्रयास शुरू किया गया। बस्तर को इस लक्ष्य का केंद्र बनाया गया। उनकी व्यूह-रचना तीन स्तंभों पर टिकी थी-सुरक्षा अभियान, विकास कार्य और पुनर्वास नीति। यह दृढ़ संकल्प ही था जिसने बस्तर को नई सुबह दी। अमित शाह की कार्ययोजना की सफलता का श्रेय सुरक्षा बलों, छत्तीसगढ़ पुलिस, डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड और स्थानीय आदिवासियों को जाता है।

2024 से मार्च 2026 तक के आंकड़े चौंकाने वाले हैं। बस्तर रेंज में 706 नक्सली मारे गए, 2218 गिरफ्तार हुए और 4839 ने आत्मसमर्पण किया। अकेले 2025 में 256 नक्सली एनकाउंटर में ढेर हुए, 1500 से अधिक ने हथियार डाले और 884 गिरफ्तार हुए। 645 हथियार और 875 आईईडी बरामद किए गए। 52 नए सुरक्षा कैंप स्थापित हुए। इन अभियानों ने नक्सलियों के कमांड स्ट्रक्चर को चूर-चूर कर दिया। सीनियर लीडरशिप का सफाया हो गया। माओवादियों की 'सेंट्रल कमेटी' तक हिल गई।

लेकिन केवल गोली से नहीं, बल्कि दिल जीतने वाली नीति से यह संभव हुआ। अमित शाह ने बार-बार कहा—"नक्सलवाद की जड़ गरीबी नहीं, विचारधारा है।" इसलिए 'गोली का जवाब गोली से' के साथ-साथ 'सुरक्षा के साथ विकास' का फॉर्मूला अपनाया गया। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में 'पुनर्वास नीति' को आकर्षक बनाया गया। आत्मसमर्पण करने वालों को रोजगार, मकान, जमीन और शिक्षा की गारंटी दी गई।

बस्तर में बदलाव इस समय की सबसे बड़ी सच्चाई है। कभी ना खत्म होने वाली हिंसक सोच अब पूरी तरह से खत्म हो चुकी है। पर यह परिवर्तन रातोरात नहीं हुआ। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की व्यूह-रचना में फॉरवर्ड ऑपरेटिंग बेस (FOB) बनाए गए, खुफिया तंत्र मजबूत किया गया, ड्रोन और आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल बढ़ाया गया। लेकिन सबसे महत्वपूर्ण था स्थानीय समर्थन। बस्तर के आदिवासी अब नक्सलियों को 'बाहरी ताकत' मानते हैं, न कि रक्षक। उन्होंने खुद सुरक्षा बलों को सूचना दी, सहयोग किया। यह विश्वास का नया अध्याय है।शहीदों की श्रद्धांजलि का सबसे सच्चा रूप यही है।

बस्तर में पिछले चार दशकों में सैकड़ों जवान, पुलिसकर्मी, CRPF के COBRA कमांडो और आम नागरिक शहीद हुए। उनके परिवार आज गर्व से सिर ऊंचा कर सकते हैं। 31 मार्च 2026 को पूरे छत्तीसगढ़ में शहीद स्मारकों पर कार्यक्रम हुए। सही मायने में गृहमंत्री अमित शाह ने बस्तर की धरा में अब तक हुए सारे शहीदों को नमन करते श्रद्धांजलि अर्पित किया। वास्तव में यह 'विजय' शहीदों का उपहार है।

बस्तर अब 'नक्सल-मुक्त भारत' का प्रतीक है। अमित शाह की कार्ययोजना ने साबित कर दिया कि दृढ़ इच्छाशक्ति और समन्वित प्रयास से कोई समस्या अजेय नहीं। बस्तर का यह नया अध्याय सिर्फ सुरक्षा का नहीं, बल्कि आर्थिक- सामाजिक क्रांति का भी है। केंद्र और राज्य सरकार मिलकर बस्तर को अगले पांच वर्षों में देश के सबसे विकसित आदिवासी क्षेत्र बनाने का लक्ष्य रख चुकी हैं। सड़क कनेक्टिविटी 100% हो रही है। बैंकिंग, इंटरनेट, कौशल विकास केंद्र खुल रहे हैं। आदिवासी युवाओं को सरकारी नौकरियों में आरक्षण और ट्रेनिंग मिल रही है।

पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए बस्तर पंडुम को राष्ट्रीय स्तर पर प्रमोट किया जा रहा है। बस्तर के किसान अब बिना डर के अपनी फसल बेच रहे हैं। महुआ, तेंदू पत्ता, बांस जैसे वन उत्पादों का बाजार बढ़ा है। एमएसएमई यूनिट्स लग रही हैं। महिलाएं स्व सहायता समूह के माध्यम से आय अर्जित कर रही हैं। बच्चे स्कूल जा रहे हैं। स्वास्थ्य शिविर नियमित हैं। टीकाकरण, मातृ-शिशु स्वास्थ्य सेवाएं अब पहुंच रही हैं।

31 मार्च 2026 की तारीख केवल एक डेडलाइन नहीं थी। यह बस्तर के लाखों आदिवासियों के सपनों का सच था। बस्तर अब 'नक्सल-मुक्त' से आगे 'विकसित बस्तर' की ओर बढ़ रहा है। अमित शाह की दूरदर्शी योजना, सुरक्षा बलों की वीरता और स्थानीय लोगों का सहयोग—इन तीनों ने मिलकर इतिहास रचा। इस लेख को लिखते हुए बस्तर के उन पूर्व कलेक्टरों और अधिकारियों की याद आती है जिन्होंने दंतेवाड़ा जैसे क्षेत्रों में काम किया। उन्होंने देखा कि कैसे चुनौतियां थीं, लेकिन संभावनाएं भी। आज वे संतुष्ट होंगे कि उनका संघर्ष रंग लाया।

बस्तर की यह शांति और समृद्धि शहीदों को सच्ची श्रद्धांजलि है। 31 मार्च 2026 को पूरी हुई डेडलाइन ने साबित कर दिया कि जब इरादा पक्का हो, तो कोई बाधा अटल नहीं रहती। बस्तर अब नए 'भारत' का नया 'बस्तर' है। यहां बंदूकों की जगह विकास की आवाज गूंज रही है। आदिवासी संस्कृति फल-फूल रही है। युवा सपने देख रहे हैं। यह भारत की एकता और अखंडता की जीत है। अमित शाह के संकल्प ने न केवल नक्सलवाद खत्म किया, बल्कि बस्तर को मुख्यधारा में जोड़ दिया। बस्तर के शहीदों को बार-बार नमन। जय हिंद! जय बस्तर!!

*-वित्त मंत्री, छत्तीसगढ़ शासन*

पंच परिवर्तन
डॉ. मारकंडे आहूजा



# पर्यावरणीय संरक्षण जरूरत नहीं, आध्यात्मिक कर्तव्य

आज पूरी दुनिया पर्यावरण संकट के दौर से गुजर रही है। जलवायु परिवर्तन, जंगलों की अंधाधुंध कटाई, नदियों का प्रदूषण और बढ़ता तापमान मानव सभ्यता के सामने गंभीर चुनौती बन चुके हैं। वैज्ञानिक समाधान आवश्यक हैं परन्तु केवल तकनीकी उपाय पर्याप्त नहीं हैं। जब तक मनुष्य की सोच और जीवनशैली प्रकृति के अनुरूप नहीं होगी, तब तक स्थायी समाधान संभव नहीं। भारतीय संस्कृति में प्रकृति को केवल संसाधन नहीं, बल्कि माता के रूप में देखा गया है। यही कारण है कि यहां पृथ्वी, नदियों, पर्वतों और वृक्षों के प्रति श्रद्धा का भाव रहा है। इसी सांस्कृतिक दृष्टि को पुनर्जीवित करने के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने समाज जीवन में "पंच परिवर्तन" का आह्वान किया है जिनमें समरसता, कुटुंब प्रबोधन, स्वदेशी, नागरिक कर्तव्य और पर्यावरण संरक्षण शामिल हैं। इनमें पर्यावरण संरक्षण केवल एक अभियान ही नहीं बल्कि जीवन की संस्कृति है। भगवद्गीता में भगवान श्रीकृष्ण प्रकृति को अपनी ही अभिव्यक्ति बताते हुए कहते हैं," भूमिरापोऽनलो वायुः खं मनो बुद्धिरेव च। अहंकार इतीयं मे भिन्ना प्रकृतिरष्टधा॥" (गीता 7.4) अर्थात पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु और आकाश, ये सभी मेरी प्रकृति के रूप हैं। यह श्लोक हमें बताता है कि प्रकृति के प्रत्येक तत्व में दिव्यता निहित है, इसलिए उनका संरक्षण केवल पर्यावरणीय आवश्यकता ही नहीं बल्कि आध्यात्मिक कर्तव्य भी है।

गीता में प्रकृति के संतुलन का एक महत्वपूर्ण सूत्र यज्ञ की अवधारणा के माध्यम से दिया गया है,"अन्नाद् भवन्ति भूतानि पर्जन्याद् अन्नसम्भवः। यज्ञाद् भवति पर्जन्यो यज्ञः कर्मसमुद्भवः॥" (3.14) अर्थात सभी प्राणी अन्न से उत्पन्न होते हैं, अन्न वर्षा से पैदा होता है और वर्षा यज्ञ से होती है। यहां "यज्ञ" का अर्थ केवल अग्नि में आहुति देना नहीं, बल्कि प्रकृति के साथ संतुलित और कृतज्ञ जीवन जीना है। भारतीय परंपरा में प्रकृति के प्रति करुणा और संवेदनशीलता के अनेक प्रेरक प्रसंग मिलते हैं। संत एकनाथ की एक प्रसिद्ध कथा इसका सुंदर उदाहरण है। कहा जाता है कि वे काशी से कांवड़ में गंगाजल लेकर रामेश्वरम जा रहे थे ताकि भगवान शिव का अभिषेक कर सकें। मार्ग में उन्हें एक प्यासा गधा दिखाई दिया जो पानी के अभाव में तड़प रहा था। संत एकनाथ ने बिना क्षण भर सोचे अपनी कांवड़ का गंगाजल उसी गधे को पिला दिया। लोगों ने आश्चर्य से पूछा-"यह जल तो भगवान के अभिषेक के लिए था, आपने इसे एक पशु को क्यों दे दिया?" संत एकनाथ ने शांत स्वर में उत्तर दिया, "जिस भगवान के लिए मैं यह जल ले जा रहा था, वही तो इस प्यासे जीव में भी विराजमान हैं।" यह कथा हमें बताती है कि प्रकृति और जीव-जगत के प्रति करुणा ही सच्ची भक्ति है। इसी प्रकार श्रीकृष्ण और गोवर्धन पर्वत की कथा भी प्रकृति के सम्मान का संदेश देती है। ब्रज में लोग इन्द्र की पूजा करते थे, परंतु श्रीकृष्ण ने समझाया कि हमें उस प्रकृति का सम्मान करना चाहिए जो हमें प्रत्यक्ष जीवन देती है जैसे गो, पर्वत, वन और जल। कृष्ण के कहने पर ब्रजवासियों ने गोवर्धन पर्वत की पूजा की। इससे क्रोधित होकर इन्द्र ने भयंकर वर्षा कर दी, परंतु श्रीकृष्ण ने गोवर्धन पर्वत उठाकर पूरे ब्रज की रक्षा की। यह कथा बताती है कि प्रकृति का सम्मान ही सच्ची पूजा है। गीता भी हमें इसी समदृष्टि की शिक्षा देती है, "विद्या-विनय-सम्पन्ने ब्राह्मणे गवि हस्तिनि। शुनि चैव श्वपाके च पण्डिताः समदर्शिनः॥" (5.18) अर्थात् ज्ञानी व्यक्ति, ब्राह्मण, गाय, हाथी, कुत्ते और चांडाल सबमें एक ही आत्मा का दर्शन करता है। जब मनुष्य इस समदृष्टि को समझ लेता है, तब वह प्रकृति और जीव-जगत का शोषण नहीं करता, बल्कि संरक्षण करता है।

आज आवश्यकता है कि हम गीता के इस संदेश को केवल ग्रंथों तक सीमित न रखें, बल्कि अपने दैनिक जीवन में उतारें। जल बचाना, वृक्ष लगाना, प्लास्टिक का कम उपयोग करना और प्रकृति के प्रति संवेदनशील होना, ये छोटे-छोटे कदम बड़े परिवर्तन का आधार बन सकते हैं। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का पंच परिवर्तन इसी दिशा में समाज को प्रेरित करता है कि प्रत्येक नागरिक प्रकृति के संरक्षण को अपना व्यक्तिगत कर्तव्य माने। गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद कहते हैं कि गीता का संदेश स्पष्ट है ; मनुष्य प्रकृति का स्वामी नहीं बल्कि उसका संरक्षक है। जब हम प्रकृति के साथ संतुलित जीवन जीते हैं, तब केवल पर्यावरण ही नहीं बचता बल्कि मानव सभ्यता का भविष्य भी सुरक्षित रहता है। आज के पर्यावरण संकट के युग में भगवद्गीता का यह शाश्वत संदेश पहले से भी अधिक प्रासंगिक हो गया है, "प्रकृति के साथ समरसता ही मानव जीवन की सच्ची प्रगति है।"

( लेखक जीओ गीता के उपाध्यक्ष हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# वैयक्तिक अहंकार से रुक जाती है प्रगति



संकलित
दर्शन

निरन्तर विकसित होते रहना यह जीवन धर्म है। प्रगति जीवन के अस्तित्व की सूचक है। जहां जीवन है वहां प्रगति है, विकास है। जड़ता में जीवन कहां ? मानव ही नहीं पशु पक्षियों में भी विकास की प्रक्रिया गतिमान रहती है। मानव की विकास प्रक्रिया में एक विशेषता है कि वह अपने विकास को सम्यक दिशा दे सकता है। अक्सर प्रत्येक व्यक्ति अपना श्रेष्ठ विकास ही चाहता है किन्तु फिर भी वह उसे पाने में असफल रहता है तो उसका सबसे बड़ा कारण होता है अहंकार। अहंकार व्यक्ति को सही दिशा में बढ़ने नहीं देता। मानव उस दिशा में दो कदम बढ़ा भी देता है तो उसका अहंकार आकर खड़ा हो जाता है। और वो आगे बढ़े हुए कदम वापस पीछे ले जाता है । अर्हम को प्राप्त करने के लिये अहं का त्याग करना होगा। अर्हम परमात्मा का वाचक शब्द है। हम इसके उपासक हैं किन्तु अहम का त्याग किये बिना अर्हम की आराधना कैसे होगी ? आज अधिकांश व्यक्ति बहुत अधिक महत्वाकांक्षी हो गये हैं उन्हें अपनी पूछ और इज्जत चाहिये किन्तु वे औरों को इज्जत नहीं देना चाहते। यह अहंकार ही हमारी सारी विकास योजनाओं को असफल किये जा रहा है। हम ऊंचा लक्ष्य रख कर आगे बढ़ें, यह बुरा नहीं किन्तु अहंकार को छोड़े बिना उस लक्ष्य की प्राप्ति नहीं हो सकती।

*-संकलन-कांतिलाल मांडोत*

# गुरु नानक के आशीर्वाद का रहस्य



संकलित
प्रेरणा

एक बार गुरु नानक देव जी अपने शिष्यों के साथ एक ऐसे गांव में पहुंचे जहां के लोग साधु-संन्यासी लोगों को बिल्कुल भी पसंद नहीं करते थे। गुरु नानक जी वहां गए तो उनसे भी वहां के लोगों ने ऐसा ही व्यवहार किया। जब वो परेशान होकर उस गांव से जाने लगे तो गांव के लोगों ने कहा कि, महात्माजी कुछ आशीर्वाद तो देते जाइए। गुरु नानक थोड़ी देर तक हंसते रहे फिर बोले, खूब आबाद रहो। इसके बाद वो आगे बढ़ गए। इस बीच कुछ गांव के लोग भागते हुए वहां पहुंचे। सभी उनकी सेवा करने लगे। उन्होंने फिर से गुरुनानक जी से आशीर्वाद मांगा। तब उन्होंने कहाः सभी उजड़ जाओ। गुरु नानक के ऐसे अटपटे आशीर्वाद से परेशान होकर एक व्यक्ति ने उनसे पूछाः महात्मा जी! जिन लोगों ने अतिथि धर्म का तिरस्कार किया उन्हें आपने आबाद रहने का और जो लोग आपकी सेवा में आए उन्हें उजड़ने का आशीर्वाद क्यों दिया। गुरु नानक जी ने उस व्यक्ति से कहा किः सज्जन व्यक्ति जहां जाता है वो वहां अपनी अच्छाइयों को ले जाता है। यह दुर्जन से बेहतर होता है। इसलिए मैंने पहले जब वो दुर्जन थे तो उन्हें एक जगह आबाद रहने का आशीर्वाद दिया और जब वो सज्जन बन गए और मेरे पास आशीर्वाद लेने आए तो मैनें उन्हें उजड़ने यानी समाज में अच्छाई फैलाने का आशीर्वाद दिया।

## अंतर्मन





## आज की पाती

### युद्ध से त्रासदीपूर्ण मानवीय जीवन

दुनिया में किसी भी देश के लिए चाहे वह सत्य के लिए लड़ रहा हो या असत्य के लिए लड़ रहा हो, युद्ध की विभीषिकाएं कभी भी किसी भी देश के मानवीय जीवन के लिए वरदान साबित नहीं हुई हैं। धर्म और अधर्म के नाम पर दुनिया को महाभारत काल में रक्तरंजित कर लाखों शूरवीरों को लीलने वाला कौरव-पांडवों का दिल दहला देने वाला दारुण युद्ध दुनिया के देशों के सामने सबसे बड़ा उदाहरण है कि युद्ध किसी भी समस्या का समाधान नहीं है। आज एक बार फिर दुनिया तीसरे विश्व युद्ध की कगार पर खड़ी है। दुनिया में रूस-यूक्रेन युद्ध वर्षों से बिना नतीजे के अब तक जारी है और हाल ही में डेढ़ सप्ताह से ईरान-इजराइल और अमेरिकी युद्ध छिड़ जाने से एक बार फिर तीसरे महायुद्ध के बादल मंडराने लग गए हैं। युद्ध की विभीषिका से मध्यपूर्व के देशों की हालत बेहद खराब हो रही है। *- सुदेश कुमारी, हिसार*

## करंट अफेयर


# अमेरिका के नेब्रास्का राज्य ने दीपावली को मान्यता दी



अमेरिका के नेब्रास्का राज्य की विधायिका ने दीपावली उत्सव को मान्यता देने वाला एक प्रस्ताव पारित किया है, जिसे सिएटल स्थित भारतीय मिशन ने राज्य के हिंदू समुदाय के लिए एक ' 'ऐतिहासिक' कदम बताया है। यह प्रस्ताव राज्य सीनेटर जॉन फ्रेडरिकसन द्वारा प्रायोजित किया गया था और 31 मार्च को स्पीकर जॉन आर्च ने इस पर हस्ताक्षर किए। सिएटल स्थित भारतीय महावाणिज्य दूतावास ने एक बयान में कहा कि इस प्रस्ताव को अपनाया जाना अमेरिका के मध्य पश्चिमी क्षेत्र में भारतीय प्रवासी समुदाय के लिए एक 'ऐतिहासिक' घटना है और 'कॉर्नहस्कर स्टेट' (नेब्रास्का का आधिकारिक उपनाम) में रहने वाले लगभग 9,000 हिंदुओं के लिए यह एक बड़ी उपलब्धि है। महावाणिज्य दूतावास ने बताया कि फ्रेडरिकसन लंबे समय से हिंदू समुदाय के समर्थक रहे हैं और मंदिरों के कार्यक्रमों में नियमित रूप से भाग लेते रहे हैं। उनके निर्वाचन क्षेत्र में 1993 में स्थापित 'हिंदू टेम्पल ऑफ ओमाहा' स्थित है। इस प्रस्ताव के तहत इस वर्ष 20 अक्टूबर को राज्यपाल जिम पिलेन द्वारा गवर्नर हाउस में भव्य दीपावली समारोह आयोजित करने की भी योजना है। भारतीय मिशन ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 'नेब्रास्का में दीपावली की ऐतिहासिक विधायी मान्यता।

## ऑफ बीट

# 22 मिनट का व्यायाम करेगा स्वास्थ्य जोखिमों को कम



विकसित देशों में लोग प्रतिदिन औसतन नौ से दस घंटे बैठे रहते हैं। चाहे वह कंप्यूटर के सामने समय बिताना हो, ट्रैफिक में फंसना हो, या टीवी के सामने आराम करना हो, हमारा जीवन तेजी से गतिहीन हो गया है। यह चिंताजनक है क्योंकि लंबे समय तक बैठे रहने से मोटापा, हृदय रोग और कुछ प्रकार के कैंसर सहित कई स्वास्थ्य समस्याएं जुड़ी होती हैं। ये स्वास्थ्य समस्याएं शीघ्र मृत्यु का कारण बन सकती हैं। एक नए अध्ययन से पता चला है कि 50 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों के लिए, दिन में केवल 22 मिनट व्यायाम करने से अत्यधिक गतिहीन जीवन शैली से समय से पहले मौत का खतरा कम हो सकता है। शोधकर्ताओं ने पाया कि जो लोग दिन में 12 घंटे से अधिक समय तक गतिहीन रहते थे, उनमें मृत्यु का जोखिम सबसे अधिक था (आठ घंटे तक गतिहीन रहने वाले लोगों की तुलना में 38% अधिक जोखिम)। हालाँकि, यह केवल उन लोगों में देखा गया जो प्रतिदिन 22 मिनट से कम मध्यम से तीव्र शारीरिक गतिविधि करते थे। इसलिए जिन लोगों ने 22 मिनट से अधिक व्यायाम किया, उनके लिए अब कोई महत्वपूर्ण जोखिम नहीं था - यानी, जोखिम आम तौर पर उन लोगों के समान हो गया जो आठ घंटे तक गतिहीन थे।

## ट्रेंड

### स्व-गणना प्रपत्र




जनगणना के पहले चरण के अंतर्गत, शुरू हो रही 'हाउस लिस्टिंग' प्रक्रिया के तहत, मैंने स्व-गणना प्रपत्र भरा। यह प्रक्रिया भारत के विकास पथ को गति देने और यह सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी कि सरकारी योजनाएं प्रत्येक नागरिक तक प्रभावी ढंग से पहुंचें।
- अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री

### भारतीयों की रक्षा



पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बीच खाड़ी देशों में रह रहे भारतीयों को चिंता करने की आवश्यकता नहीं है। हम अपने नागरिकों की रक्षा और सुरक्षा के लिए हर कदम उठाने में न केवल सक्षम हैं, बल्कि तैयार भी हैं। साथ ही, भारत किसी भी ऊर्जा संकट से निपटने में सक्षम है
- राजनाथ सिंह, रक्षामंत्री

### नवाचार समावेशी



जब नवाचार समावेशी होता है, तो उसके सबसे बड़े लाभार्थी उसके नेतृत्वकर्ता बनते हैं। भारत की महिलाएं इसका श्रेष्ठ उदाहरण हैं। भारत में महिलाओं द्वारा दायर पेटेंट की संख्या सालाना 100 से बढ़कर 5,000 से अधिक हो चुकी है।
-अन्नपूर्णा देवी, केंद्रीय महिला विकास मंत्री

### ममता ही जीतेंगी



भाजपा बंगाल में चाहे कितने घपले कर ले पर वो वहां पक्का हारेगी। ममता दीदी की लोकप्रियता और जनसेवा के आगे भाजपाई सिर्फ बुरी हार से बचने का ही प्रबंध कर सकते हैं, और कुछ नहीं।
-अखिलेश यादव, सांसद, सपा

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

## हेनरिक क्लासन की फिफ्टी, जयदेव उनादकट ने 3 विकेट लिए

**कोलकाता की लगातार दूसरी हार, रेड्डी ने 39 रन बनाने के बाद 2 विकेट भी झटके**

# रेड्डी के हरफनमौला खेल से सनराइजर्स ने नाइट राइडर्स को 65 रन से हराया





भाषा ▶▶ कोलकाता

हेनरिच क्लासेन (52) के जुझारू अर्धशतक और नीतिश कुमार रेड्डी (दो विकेट और 39 रन) के हरफनमौला खेल के दम पर सनराइजर्स हैदराबाद ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) टी20 मैच में बृहस्पतिवार को यहाँ कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) को 65 रन से हराकर मौजूदा सत्र में जीत का खाता खोला। सनराइजर्स ने आठ विकेट पर 226 रन बनाने के बाद जयदेव उनादकट (21 रन पर तीन विकेट), इशान मलिंगा (14 रन पर दो विकेट) और 'प्लेयर ऑफ द मैच' रेड्डी (17 रन पर दो विकेट) की शानदार गेंदबाजी से केकेआर की पारी को 16 ओवर में 161 रन पर समेट दिया। केकेआर की यह दो मैचों में दूसरी हार है। केकेआर के लिए अंगकृष रघुवंशी ने 29 गेंदों में 52 रन बनाए, जबकि रिंकू सिंह ने 25 गेंदों में 35 रन का योगदान दिया। फिन ऐलन ने सात गेंदों में 28 रन बनाए, लेकिन उनकी तेज पारी का फायदा उठाने में टीम नाकाम रही। क्लासेन ने 35 गेंदों में 52 रन बनाने के अलावा रेड्डी (24 गेंदों में 39 रन) के साथ पांचवें विकेट के लिए 53 गेंदों में 82 रन की साझेदारी कर पारी को संवारा। इससे पहले ट्रैविस हेड ने 21 गेंदों पर 46 रन की विस्फोटक पारी खेलकर लय में वापसी की, जबकि अभिषेक शर्मा ने 21 गेंदों में 48 रन ठोके। दोनों ने पहले विकेट के लिए 34 गेंदों में 82 रन की शानदार साझेदारी कर टीम को तेज शुरुआत दिलाई। केकेआर के लिए ब्लेसिंग मुजरबानी ने चार, जबकि वैभव अरोड़ा ने दो विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करते हुए ऐलन ने शुरुआती ओवर में डेविड पेन के खिलाफ तीन चौकों और दो छक्कों के साथ शानदार शुरुआत दिलाई। दूसरे ओवर में गेंदबाजी के लिए आए हर्ष दुबे ने अपनी ही गेंद पर कैच लपककर ऐलन की सात गेंदों में 28 रन की पारी का अंत किया।

### हैदराबाद-226/8 (20)

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| ट्रेविस हेड का ग्रीन बो त्यागी | 46 |
| अभिषेक का चक्रवर्ती बो मुजरबानी | 48 |
| इशान का रिंकू बो मुजरबानी | 14 |
| क्लासेन का रमनदीप बो मुजरबानी | 52 |
| अनिकेत का रिंकू बो अनुकूल | 01 |
| रेड्डी का चक्रवर्ती बो वैभव | 39 |
| सलील अरोड़ा बो वैभव | 00 |
| हर्ष दुबे नाबाद | 09 |
| शिवांग का रहाणे बो मुजरबानी | 04 |

अतिरिक्तः13

कुल योगः (20 ओवर में आठ विकेट पर) 226 रन

गेंदबाजी वैभव 4-0-47-2, मुजरबानी 4-0-41-4, नारायण 4-0-39-0, चक्रवर्ती 2-0-31-0, त्यागी 4-0-48-1, अनुकूल 2-0-16-1

### कोलकाता-161/10 (16)

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| फिन ऐलन का एवं बो हर्ष | 28 |
| रहाणे का मलिंगा बो उनादकट | 08 |
| अंगकृष रघुवंशी रन आउट | 52 |
| कैमरुन ग्रीन रन आउट | 02 |
| रिंकू सिंह का उनादकट बो रेड्डी | 35 |
| अनुकूल रॉय का एवं बो रेड्डी | 00 |
| रमनदीप का उनादकट बो मलिंगा | 10 |
| सुनील का अनिकेत बो मलिंगा | 12 |
| त्यागी का किशन बो उनादकट | 01 |
| वैभव अरोड़ा नाबाद | 00 |
| वरुण चक्रवर्ती बो उनादकट | 08 |

अतिरिक्तः 07

कुल योगः (16 ओवर में सभी आउट) 161 रन

गेंदबाजीः पेन 2-0-35-0, दुबे 2-0-17-1, अभिषेक 1-0-15-0, उनादकट 3-0-21-3, मलिंगा 2-0-14-0, शिवांग 4-0-41-0, रेड्डी 2-0-17-2

## पंजाब आत्मविश्वास से भरपूर सीएसके को पहली जीत की दरकार



**चेन्नई।** ऐसे में रुतुराज गायकवाड़ की कप्तानी वाली सीएसके अपनी पहली जीत दर्ज करना चाहेगी वहीं पंजाब किंग्स अपनी जीत की लय को बरकरार रखने जी-तोड़ कोशिश करेगी। मुकाबला आज चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में रात 7:30 बजे से खेला जाएगा।

### बराबरी का रहा है मुकाबला

अब तक दोनों टीमों के बीच मैचों में कड़ा मुकाबला देखने को मिला है। आईपीएल में ये दोनों टीमें कुल 32 मैचों में आमने-सामने थी, जिसमें से 16 मैच सीएसके ने जीते और 16 ही मैच पंजाब किंग्स ने अपने नाम किए। आईपीएल 2025 की दोनों भिड़ंत में पंजाब किंग्स ने जीत दर्ज की थी। आईपीएल 2024 में दोनों टीमें 2 मुकाबलों में आपस में भिड़ी थी, जिसमें दोनों ने 1-1 मैच अपने नाम किए थे। सीएसके को अपने पहले मैच में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ 8 विकेट से हार मिली थी। गुवाहटी में खेले गए उस मैच में सीएसके की टीम सिर्फ 127 रन पर सिमट गई थी। ऐसे में सीएसके अपने अगले मैच में बल्लेबाजों से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद होगी।

## अभी तक चैंपियन नहीं बन पाई पंजाब, दिल्ली और लखनऊ



एजेंसी ▶▶ मुंबई

इंडियन प्रीमियर लीग के इतिहास में कई टीमें मैदान पर उतरीं, कुछ ने खिताब अपने नाम किया तो कुछ करीब आकर चूक गईं। इन टीमों ने शानदार प्रदर्शन किया, कई यादगार मुकाबले खेले, लेकिन ट्रॉफी अब तक उनसे दूर ही रही। हर संस्करण में ये टीमें नई उम्मीदों के साथ उतरती हैं, लेकिन किस्मत उनका साथ नहीं देती। ऐसे में आइए उन टीमों पर नजर डालते हैं जो अब तक इस टूर्नामेंट में चैंपियन नहीं बन पाई हैं।

### ये टीमें खिताब जीतने में रही हैं सफल

मुंबई इंडियंस और चेन्नई सुपरकिंग्स ने आईपीएल में सबसे ज्यादा 5-5 बार ट्रॉफी जीती है। वहीं, केकेआर 3 बार चैंपियन बनी है। आरआर, डेक्कन चार्जर्स, सनराइजर्स हैदराबाद, जीटी और आरसीबी 1-1 बार चैंपियन बनने में सफल हो पाई है।

### दिल्ली कैपिटल्स

दिल्ली की टीम भी ये टूर्नामेंट पहले संस्करण (2008) से खेल रही है। पहले इस फ्रेंचाइजी का नाम दिल्ली डेयरडेविल्स था। अब इस टीम को दिल्ली कैपिटल्स के नाम से जानते हैं। ये भी टीम अभी तक एक बार भी ट्रॉफी उठा नहीं पाई है। डीसी सिर्फ एक बार आईपीएल 2020 में फाइनल खेली थी। जहां उसे मुंबई इंडियंस के खिलाफ 5 विकेट से हार का सामना करना पड़ा था।

### पंजाब किंग्स

आईपीएल के पहले संस्करण से ये टूर्नामेंट खेल रही पंजाब किंग्स एक बार भी ट्रॉफी नहीं जीत पाई है। पहले इस टीम का नाम किंग्स इलेवन पंजाब था। पंजाब किंग्स 2 बार फाइनल में भी पहुंची है। साल 2014 में जॉर्ज बेली की कप्तानी में टीम ने फाइनल खेला था, जहां उसे कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ 3 विकेट से हार मिली थी। आईपीएल 2025 के फाइनल में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने उसे 6 रन से हराया था।

### लखनऊ सुपर जायंट्स

लखनऊ सुपर जायंट्स उन 3 टीमों में है जो अभी तक आईपीएल की ट्रॉफी नहीं जीत पाई है। एलएसजी तो अब तक फाइनल में भी नहीं पहुंच पाई है। हालांकि, टीम 3 बार प्लेऑफ खेलने में सफल हुई है। एलएसजी का डेब्यू संस्करण साल 2022 में था। उसी साल गुजरात टाइटंस भी पहली बार ये टूर्नामेंट खेल रही थी। उसने राजस्थान रॉयल्स को फाइनल में 7 विकेट से हराकर ट्रॉफी जीत ली थी।

## खबर संक्षेप



### आयरलैंड के खिलाफ टी-20 सीरीज खेलने बेलफास्ट जाएगी टीम इंडिया

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम 2 मैचों की टी-20 सीरीज खेलने आयरलैंड जाएगी। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने इसके कार्यक्रम का ऐलान कर दिया है। ये सीरीज जून 2026 में खेली जाएगी। पिछले 8 सालों में भारतीय टीम ने 3 बार (2018, 2022 और 2023) आयरलैंड का दौरा किया है। साल 2007 के बाद यह पहला मौका होगा जब भारतीय टीम बेलफास्ट में खेलेगी। इस सीरीज में युवा भारतीय खिलाड़ियों को मौका मिलने की उम्मीद है।
आयरलैंड दौरे का कार्यक्रम टी-20 सीरीज का पहला मुकाबला शुक्रवार 26 जून को खेला जाएगा। वहीं, दूसरा मैच रविवार 28 जून को खेला जाएगा। ये दोनों मुकाबले बेलफास्ट में होंगे। इन मुकाबलों को भारत में रात 7:30 बजे से देखा जा सकता है। भारत ने आयरलैंड के खिलाफ आखिरी टी-20 सीरीज 2023 में खेली थी। 3 मैचों की उस सीरीज में भारतीय टीम को 2-0 से शानदार जीत मिली थी। 2023 के बाद दोनों टीमों के बीच कोई सीरीज नहीं हुई है।

### आदित्य एशियाई चैंपियनशिप में आगे बढ़े



**उलानबटोर (मंगोलिया)।** भारतीय मुक्केबाज आदित्य ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए गुरुवार को यहां एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप के चौथे दिन शानदार जीत दर्ज की। राष्ट्रीय चैंपियन आदित्य ने पुरुषों के 65 किलोग्राम वर्ग में सऊदी अरब के मूसा अलहौसाव के खिलाफ पूरे मुकाबले में नियंत्रण बनाए रखा और 5-0 के सर्वसम्मत निर्णय से जीत हासिल की। आदित्य ने इस साल जनवरी में नौवीं एलीट पुरुष राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता था। आदित्य को अगले दौर में उज्बेकिस्तान के अब्दुल्लोह मदामिनोव की कड़ी चुनौती का सामना करना होगा। इस प्रतियोगिता में पूरे महाद्वीप के शीर्ष खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। भारतीय मुक्केबाजों ने अभी तक अच्छा प्रदर्शन किया है।

# न्यूजीलैंड, बांग्लादेश व इंग्लैंड के साथ टेस्ट, वनडे व टी-20 सीरीज खेलेगी ऑस्ट्रेलियाई टीम, शेड्यूल जारी

एजेंसी ▶▶ सिडनी

ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट बोर्ड ने आगामी सत्र (2026-27) के लिए अपने कार्यक्रम की घोषणा की है। इसमें कंगारू टीम को न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के खिलाफ बेहद व्यस्त कार्यक्रम के तहत 4 टेस्ट मैच खेलने हैं, जिसमें 26 दिसंबर से शुरू होने वाला बॉक्सिंग-डे टेस्ट भी शामिल है। इसके अलावा ऑस्ट्रेलिया को बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट सीरीज और इंग्लैंड के विरुद्ध वनडे और टी-20 सीरीज की मेजबानी करनी है।

**9 दिसंबर से खेली जाएगी टेस्ट सीरीज**

न्यूजीलैंड की टीम 1999 के बाद पहली बार 3 से ज्यादा टेस्ट मैचों की सीरीज खेलेगी। ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम और कीवी टीम के बीच 9 दिसंबर से पर्थ स्टेडियम में सीरीज का पहला मैच खेला जाएगा। इसके बाद एडिलेड में 17 दिसंबर से दूसरा टेस्ट, मेलबर्न में 26 दिसंबर से तीसरा बॉक्सिंग-डे टेस्ट खेला जाना है। न्यूजीलैंड के खिलाफ चौथा और आखिरी टेस्ट सिडनी (4-8 जनवरी) में खेला जाना है।



**बांग्लादेश व इंग्लैंड के ऑस्ट्रेलिया के मैच का शेड्यूल**

**बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट सीरीज़ :**
पहला टेस्टः 13 - 17 अगस्त, मरारा स्टेडियम। दूसरा टेस्टः 22 - 26 अगस्त, ग्रेट बैरियर रीफ एरिना

**इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज :**
13 नवंबरः पर्थ स्टेडियम, पर्थ। 15 नवंबरः एडिलेड ओवल, एडिलेड। 18 नवंबरः बेलेरिव ओवल, होबार्ट।

**इंग्लैंड के खिलाफ टी-20 सीरीज़ः**
21 नवंबरः मेलबर्न। 24 नवंबरः गोल्ड कोस्ट स्टेडियम, गोल्ड कोस्ट। 27 नवंबरः द गाबा, ब्रिस्बेन। 29 नवंबरः सिडनी। 2 दिसंबरः मनुका ओवल।

**150वीं वर्षगांठ पर इंग्लैंड-ऑस्ट्रेलिया के बीच टेस्ट मैच**
टेस्ट क्रिकेट की 150वीं वर्षगांठ मनाने के लिए मार्च 2027 में ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड क्रिकेट टीम के बीच मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर पिंक गेंद से एकमात्र डे-नाइट टेस्ट मैच खेला जाएगा। तय कार्यक्रम के अनुसार, यह मैच 11-15 मार्च तक खेला जाएगा। बता दें कि ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच 1877 में इसी मैदान पर पहला टेस्ट मैच खेला गया था और 2027 में इसकी 150वीं वर्षगांठ होगी।

# आंध्र प्रदेश, मिजोरम, दिल्ली सब जूनियर पुरुष राष्ट्रीय हॉकी चैंपियनशिप में जीते

**राजगीर।** आंध्र प्रदेश, मिजोरम और दिल्ली ने बृहस्पतिवा को यहां राजगीर हॉकी स्टेडियम में 16वीं सब जूनियर पुरुष राष्ट्रीय हॉकी चैंपियनशिप के दूसरे दिन शानदार जीत दर्ज की। दिन के पहले मैच में डिवीजन सी के पूल ए में आंध्र प्रदेश ने पुडुचेरी के खिलाफ 3-1 से जीत हासिल की। इसी डिवीजन में मिजोरम ने असम को 6-0 से हराया।



**बी पूल में दिल्ली-तेलंगाना जीतीं**

डिवीजन बी के पूल ए में दिल्ली ने एकतरफा मुकाबले में बंगाल के खिलाफ 9-1 से जीत दर्ज की। इसी पूल में तेलंगाना ने गुजरात को 20-0 से करारी शिकस्त दी जिसमें अमित दयाल ने 10 गोल दागे।डिवीजन बी के पूल बी में कर्नाटक और अरुणाचल प्रदेश के बीच मैच 2-2 से ड्रॉ रहा। इसी पूल के दिन के आखिरी मैच में छत्तीसगढ़ ने हिमाचल को 7-2 से हराया।

## ब्लूबाउम ने प्रज्ञाननंदा को ड्रॉ पर रोका, सिंदारोव ने बढ़त बनाई



**पाफोस (साइप्रस)।** भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञाननंदा ने कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट के चौथे दौर में जर्मनी के मैथियास ब्लूबाउम के साथ ड्रॉ खेला, जबकि उज्बेकिस्तान के जावोखिर सिंदारोव ने अमेरिका के फैबियानो कारुआना को हराकर एकल बढ़त हासिल कर ली। जिससे उनके अंकों की संख्या 3.5 हो गई है। इससे वह इस साल के आखिर में मौजूदा विश्व चैंपियन डी गुकेश के साथ खिताबी मुकाबले में खेलने के प्रबल दावेदार बन गए हैं। प्रज्ञाननंदा ने ब्लूबाउम के खिलाफ काले मोहरों से खेलते हुए ड्रॉ हासिल किया। दिन के अन्य दो मैचों में अनीश गिरी ने रूसी खिलाड़ी एंड्री एसेपेंको को हराया, जबकि चीन के वेई यी ने अमेरिकी खिलाड़ी हिकारू नाकामुरा के साथ ड्रॉ खेला।


### सिंदारोव दूसरे और प्रज्ञानानंद तीसरे स्थान पर

*अब जबकि 10 दौर का खेल बाकी है तब सिंदारोव के ठीक पीछे कारुआना 2.5 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर हैं, जबकि प्रज्ञाननंदा, ब्लूबाउम और नीदरलैंड के अनीश गिरी समान दो अंकों के साथ संयुक्त तीसरे स्थान पर हैं।*

# गोवा, बंगाल, चंडीगढ़, उत्तराखंड की टीमें महिला सबजूनियर राष्ट्रीय हॉकी में जीतीं

एजेंसी ▶▶ रांची

गोवा, बंगाल, चंडीगढ़ और उत्तराखंड ने बृहस्पतिवार को यहां सब जूनियर महिला राष्ट्रीय हॉकी चैंपियनशिप के दूसरे दिन अपने-अपने मैच जीते। गोवा ने डिवीजन सी पूल ए के मैच में तेलंगाना को 6-3 से, बंगाल ने डिवीजन बी पूल ए के मैच में दादरा एवं नगर हवेली तथा दमन एवं दीव को 1-0 से हराया, जबकि चंडीगढ़ ने डिवीजन बी पूल बी के मैच में गुजरात को 12-1 से करारी शिकस्त दी। डिवीजन बी पूल बी मैच के एक अन्य मैच में उत्तराखंड ने कर्नाटक को 6-1 से हराया।



### गोवा ने तेलंगाना को 6-3 से हराया

गोवा की कप्तान डेलिना मेंडेस (40वें और 41वें मिनट) और बर्टिला केरकेट्टा (48वें और 52वें मिनट) ने दो-दो गोल किए, जबकि सीमा तिर्की (तीसरे मिनट) और विद्या कुमारी (16वें मिनट) ने भी गोल दागे। तेलंगाना की ओर से आनंदी महानंद (30वें और 36वें मिनट) और नव्याश्री अकुला (15वें मिनट) ने गोल दागे।

### इन खिलाड़ियों ने दागे रोमांचक गोल

बंगाल के लिए कप्तान पूजा कुमारी साव (21वें मिनट) ने दूसरे क्वार्टर में विजयी गोल दागा। चंडीगढ़ की तरफ से कप्तान काफी (38वें, 46वें, 55वें और 60वें मिनट), अनु (नौवें और 30वें मिनट), आंचल (12वें और 14वें मिनट), नैन्सी कश्यप (13वें और 18वें मिनट), भावना (10वें मिनट) और यास्मीन शर्मा (20वें मिनट) ने गोल दागे।

### उत्तराखंड की करीना ने लगाई हैट्रिक

गुजरात के लिए कप्तान नियति परमार (23वें मिनट) ने एकमात्र गोल दागा। उत्तराखंड की ओर से करीना (10वें, 12वें और 17वें मिनट) ने शुरुआती हैट्रिक बनाई, जबकि कप्तान मीनाक्षी (सातवें मिनट), देवयानी जोशी (53वें मिनट) और दीया (60वें मिनट) ने भी गोल दागे। कर्नाटक की ओर से प्रीति नीलाराड्डी (31वें मिनट) एकमात्र गोल करने वाली खिलाड़ी रहीं।

**एएफसी अंडर-20 महिला एशियाई कप**

## जापान ने भारत को 6-0 से रौंदा

एजेंसी ▶▶ पाथुम थानी (थाईलैंड)

- भारत अब पाँच अप्रैल को ऑस्ट्रेलिया और आठ अप्रैल को चीनी ताइपे से भिड़ेगा

भारत को एएफसी (एशियाई फुटबॉल परिसंघ) के अंडर-20 महिला एशिया कप मैच में बृहस्पतिवार को यहां थम्मासाट स्टेडियम में जापान के हाथों 0-6 से करारी हार का सामना करना पड़ा। छह बार की चैंपियन जापान को 12वें मिनट में थोइबिसाना चानू तोइजाम के आत्मघाती गोल से शुरुआती बढ़त मिली। जापान ने दूसरे हाफ में पूरी तरह दबदबा बनाया। मिकी किमुरा (54वां मिनट), नोआ फुकुशिमा (57वां मिनट), नात्सुमी तागो (75वां मिनट), मियु मात्सुनागा (81वां मिनट) और युरा होंडा (87वां मिनट) ने एक-एक गोल दागे। करीब 20 साल बाद एशियाई कप में वापसी कर रही भारतीय टीम ने शुरुआत अच्छी की। शुभांगी सिंह और सुलंजना राउल ने बाएं छोर से बेहतर तालमेल दिखाते हुए सिबानी देवी नोंगमेइकापम के लिए मौका बनाया, लेकिन जापान के खिलाड़ियों ने उनके प्रयास को विफल कर दिया। शुरुआती हाफ में जापान को रोकने में सफल रहने के बाद भारतीय टीम दूसरे हाफ में बिखर गई, जिससे जापान ने आसानी से गोल दागे। भारत अब पाँच अप्रैल को ऑस्ट्रेलिया और आठ अप्रैल को चीनी ताइपे से भिड़ेगा।

**एक लाख दर्शकों के बैठने की होगी क्षमता**

# नवी मुंबई में बनेगा भारत का दूसरा सबसे बड़ा क्रिकेट स्टेडियम

एजेंसी ▶▶ मुंबई

मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन नवी मुंबई में एक लाख दर्शकों की क्षमता वाला नया क्रिकेट स्टेडियम बनाने की तैयारी कर रहा है। रिपोर्ट्स के अनुसार, इस परियोजना के लिए जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया भी शुरू हो चुकी है। एमसीए के अध्यक्ष अजिंक्य नाइक ने हाल ही में नगर एवं औद्योगिक विकास निगम के प्रबंध निदेशक विजय सिंघल से मुलाकात की, जो इस महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट के लिए उपयुक्त जमीन तलाशने के प्रयासों का हिस्सा हैं।

### फडणवीस ने रखा था विचार

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, नाइक ने बताया कि 1 लाख क्षमता वाले स्टेडियम का विचार महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने रखा था। उन्होंने कहा, कुछ महीने पहले माननीय मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने यह विचार व्यक्त किया था कि मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन को एक लाख दर्शकों की क्षमता वाला स्टेडियम बनाने का प्रयास करना चाहिए। नाइक जल्द ही फडणवीस से मुलाकात करेंगे, ताकि इस परियोजना पर चर्चा कर इसे आगे बढ़ाया जा सके।



### नवी मुंबई उपयुक्त स्थान : नाइक

नाइक ने आगे कहा कि इस क्षमता का विश्वस्तरीय स्टेडियम बनाने के लिए नवी मुंबई सबसे उपयुक्त स्थान है। नाइक ने कहा, नवी मुंबई एक उभरता हुआ और तेजी से विकसित हो रहा क्षेत्र है, जहां बेहतरीन कनेक्टिविटी और एयरपोर्ट के नजदीक होने का फायदा है। इस क्षमता का विश्वस्तरीय स्टेडियम बनाने के लिए यह एकदम उपयुक्त स्थान है। उन्होंने यह भी बताया कि स्टेडियम का काम शुरू करने से पहले करीब छह महीने तक विस्तृत योजना बनाई जाएगी।

### नरेंद्र मोदी स्टेडियम है भारत और दुनिया का सबसे बड़ा क्रिकेट स्टेडियम

यह स्टेडियम भारत का दूसरा सबसे बड़ा क्रिकेट स्टेडियम होगा। फिलहाल अहमदाबाद का नरेंद्र मोदी स्टेडियम भारत और दुनिया का सबसे बड़ा क्रिकेट स्टेडियम है। नाइक ने कहा कि यह परियोजना महाराष्ट्र के खेल ढांचे को मजबूत करेगी और खिलाड़ियों को बेहतर अवसर देने में मदद करेगी। उनके अनुसार, इस तरह के बड़े स्टेडियम से मुंबई की अंतरराष्ट्रीय मैचों और बड़े टूर्नामेंट आयोजित करने की क्षमता बढ़ेगी।

**सार्वजनिक सूचना**

सभी नागरिकों को सूचित किया जाता है कि अपने-अपने घरों में शौचालयों का निर्माण BIS मानक IS 2470 (Part 1 एवं Part 2) के अनुसार करवाना अनिवार्य है।

यह मानक स्वच्छता एवं स्वास्थ्य सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए निर्धारित किया गया है। अतः सभी नागरिकों से अपेक्षा की जाती है कि वे निर्धारित मानकों का पूर्ण रूप से पालन करें।

यदि किसी भी घर में शौचालय का निर्माण उक्त मानकों के अनुरूप नहीं पाया जाता है। तो संबंधित नगर पालिका / नगर निगम / नगर परिषद द्वारा नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही की जाएगी, जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी संबंधित व्यक्ति की होगी।

अतः सभी नागरिकों से अनुरोध है कि समय रहते नियमों का पालन सुनिश्चित करें।

दिनांकः 01/04/26
स्थानः
आदेशानुसार


हस्ता/-सचिव
नगर पालिका, गन्नौर




# ईरान के सलाहकार पर जानलेवा हमला

एजेंसी ▶▶| तेल अवीव/ तेहरान

ईरान के पूर्व विदेश मंत्री कमाल खराजी पर जानलेवा हमला हुआ है, जिसमें उनकी पत्नी की मौत हो गई और वे खुद गंभीर रूप से घायल हो गए।



रिपोर्ट्स के मुताबिक, तेहरान में उनके घर पर एयर स्ट्राइक की गई। इस हमले के बाद उन्हें गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया। इसे 'हत्या की कोशिश' बताया गया। खराजी अभी ईरान की स्ट्रैटेजिक फॉरेन रिलेशंस काउंसिल के चेयरमैन हैं। यह संस्था सीधे देश के सर्वोच्च नेता को सलाह देती है और विदेश नीति से जुड़े बड़े फैसलों में अहम भूमिका निभाती है।

## तुरंत सीजफायर लागू हो: चीन

*ईरान युद्ध को लेकर चीन ने सभी पक्षों से तुरंत युद्धविराम की अपील की है। चीनी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने कहा कि सैन्य कार्रवाई से समस्या का समाधान नहीं हो सकता। माओ निंग ने कहा कि संघर्ष बढ़ाना किसी के हित में नहीं है और सभी पक्षों को तुरंत सैन्य ऑपरेशन रोक देना चाहिए। उन्होंने कहा कि होर्मुज स्ट्रेट में जारी तनाव की जड़ गैरकानूनी सैन्य कार्रवाई है, जो वैश्विक अर्थव्यवस्था और ऊर्जा सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा बन सकती है। चीन ने चेतावनी दी कि अगर हालात बिगड़ते रहे तो इसका असर पूरी दुनिया पर पड़ेगा। इसलिए सभी देशों को संयम बरतते हुए बातचीत से समाधान निकालना चाहिए।*



## कतर ने पाक से किया किनारा, वीजा ऑन अराइवल सुविधा समाप्त की



पश्चिम एशिया संकट के बीच कतर ने पाकिस्तानियों को लेकर एक बड़ा फैसला लिया है। इस युद्ध में मध्यस्थता के लिए मचल रहे पाकिस्तान के लोगों के लिए वीजा ऑन अराइवल की सुविधा दी हुई थी, उसे तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। कतर में मौजूद पाकिस्तानी दूतावास ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा है कि कतर आने की सोच रहे पाकिस्तानी नागरिकों को सलाह दी जाती है कि मौजूदा स्थिति को देखते हुए इस समय वीजा ऑन अराइवल की सुविधा उपलब्ध नहीं है। असुविधा से बचने के लिए यात्रा से पहले उपयुक्त वीजा हासिल कर लें।

## इजराइल की गलती से अमेरिका जंग में कूदा: इस्माइल बघाई

ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बघाई ने कहा है कि इजराइल की गलत कैलकुलेशन और उकसावे की वजह से अमेरिका इस युद्ध में शामिल हुआ। उन्होंने कहा कि अब



दुनिया में कोई भी अमेरिका की कूटनीति पर भरोसा नहीं करता। अमेरिका बातचीत और समझौते का इस्तेमाल सिर्फ अपनी शर्तें थोपने या फिर ताकत इस्तेमाल करने के लिए करता है। बघाई ने कहा कि ईरान के सुप्रीम लीडर मुजतबा खामेनेई पूरी तरह स्वस्थ हैं। वे युद्ध की वजह से सार्वजनिक रूप से सामने नहीं आ रहे हैं। उन्होंने यह भी साफ किया कि ईरान की जनता अब अमेरिका के साथ किसी भी तरह की बातचीत या समझौते के पक्ष में नहीं है।

## यूएन महासचिव एंटोनियो की अपील जंग रोकें अमेरिका और इजराइल

संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने अमेरिका और इजराइल से जंग रोकने की अपील की है। उन्होंने कहा कि यह युद्ध लोगों को भारी नुकसान पहुंचा रहा है और दुनिया को बड़े संकट की ओर धकेल रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर समय रहते इसे नहीं रोका गया तो हालात और बिगड़ सकते हैं।

## कराची में कृष्ण भगवान व गोपियों की 89 साल पुरानी मूर्तियां खंडित की

**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** पाकिस्तान में एक बार फिर अल्पसंख्यक हिंदुओं की आस्था पर हमला हुआ है। पाकिस्तान के पंजाब सूबे के बहावलपुर जिले के अल्पसंख्यक अधिकार संगठन के चेयरमैन शिव काछी ने 'एक्स' पर लिखा कि कराची में एमए जिन्ना रोड पर स्थित 1937 में बनाई गई ऐतिहासिक 'सगन मैसन' इमारत की दीवारों पर बनी हिंदू देवी-देवताओं की मूर्तियां खंडित की गई हैं। उन्होंने इसे पाकिस्तान की बहुसांस्कृतिक विरासत, धार्मिक सद्भाव और अल्पसंख्यक समुदायों की भावनाओं पर किया गया हमला बताया। कहा कि अल्पसंख्यकों में भारी नाराजगी है, लेकिन पाकिस्तान की इस्लामी हुकूमत ने इस पर चुप्पी साध रखी है। उन्होंने कहा कि हम इस शर्मनाक हरकत की कड़ी निंदा करते हैं। उन्होंने पाकिस्तान के शीर्ष राजनेताओं को टैग करते हुए लिखा कि हम मांग करते हैं कि संबंधित अधिकारी इस मामले का तत्काल संज्ञान लें। दोषियों को बिना किसी देरी के गिरफ्तार किया जाए और उन्हें कड़ी सजा दी जाए।







## ईरान में पुराने मेडिकल रिसर्च सेंटर पर हमला

ईरान की राजधानी तेहरान में 100 साल पुराने मेडिकल रिसर्च सेंटर पर हमला हुआ है। स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक, 'पाश्चर इंस्टीट्यूट ऑफ ईरान' को निशाना बनाया गया, जिससे इमारत को गंभीर नुकसान पहुंचा है।

## इजराइल का दावा- कुद्स फोर्स के 3 नेता मारे

इजरायली सेना ने दावा किया है कि उसने ईरान में कुद्स फोर्स की मिसाइल कमांड के 3 नेताओं को मार गिराया है। इनमें मिसाइल यूनिट के कमांडर मोकरम अजीमी और ईरानी शासन के ऑइल हेडक्वॉर्टर के कमांडर जमशीद एशाघी शामिल है।



## लेबनान के जेबदीन इलाके में इजराइली सेना का हमला

लेबनान के जेबदीन इलाके में इजराइल की एयरस्ट्राइक में कई रिहायशी घर जमींदोज हो गए। हमले के बाद इलाके में भारी तबाही का मंजर देखने को मिला। हमले में रिहायशी इलाकों को निशाना बनाया गया, जिससे इमारतें ढह गईं और मलबा चारों तरफ फैल गया। घटना के बाद स्थानीय बचाव टीमें मौके पर पहुंचीं और राहत कार्य शुरू किया गया।

## सिंगापुर में बनाया जाएगा नया हिंदू मंदिर

**नई दिल्ली।** सिंगापुर में श्री गुरुवायूरप्पन अय्यप्पन मंदिर निर्माण इस साल अगस्त या सितंबर में शुरू होगा और यह भगवान कृष्ण एवं अय्यप्पा को समर्पित होगा। केरल शैली में बनने वाला यह मंदिर सिंगापुर में रहने वाले भारतीय समुदाय, खासकर मलयाली श्रद्धालुओं के लिए आध्यात्मिक केंद्र बनेगा। सरकार ने एक नए हिंदू मंदिर के निर्माण के लिए जमीन आवंटित की है।




रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की पाकिस्तान को चेतावनी

# 'जीरो टॉलरेंस' नीति पर अडिग भारत जरूरत पर सरहद पार करेंगे कार्रवाई

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने तिरुवनंतपुरम में आयोजित 'सैनिक सम्मान सम्मेलन' को संबोधित करते हुए कहा कि भारत आतंकवाद के खिलाफ 'जीरो टॉलरेंस' की नीति पर काम कर रहा है और जरूरत पड़ने पर सरहद के दोनों ओर कार्रवाई करता है। उन्होंने कहा कि उरी अटैक के बाद सर्जिकल स्ट्राइक, पुलवामा अटैक के बाद एयर स्ट्राइक और हालिया पहलगाम घटना के बाद 'ऑपरेशन सिंदूर' के जरिए आतंकवाद पर कड़ा प्रहार किया गया। पहलगाम घटना के बाद 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान भारतीय सेना ने पाकिस्तान को महज 22 मिनट में करारा जवाब दिया। उन्होंने कहा कि यह ऑपरेशन अभी भी जारी है और किसी भी उकसावे पर कड़ी प्रतिक्रिया दी जाएगी।



## समुद्री शक्ति बढ़ाने पर जोर

राजनाथ सिंह ने कहा कि बदलते समय में समुद्री क्षेत्र की अहमियत बढ़ी है और भारत 2047 तक अपनी नौसेना को दुनिया की सबसे मजबूत ताकतों में शामिल करना चाहता है। कोचीन शिपयार्ड में बने स्वदेशी एयरक्राफ्ट कैरियर का जिक्र करते हुए उन्होंने इसे बड़ी उपलब्धि बताया। उन्होंने कहा कि सैनिक और पूर्व सैनिक देश की मजबूत नींव हैं और उनकी देखभाल सरकार का नैतिक कर्तव्य है। उन्होंने 'वन रैंक वन पेंशन' लागू करने को सरकार की बड़ी उपलब्धि बताया।

## रक्षा निर्यात 38,424 करोड़ रुपये पर पहुंचा

रक्षा मंत्रालय के अनुसार, वित्त वर्ष 2025-26 में रक्षा निर्यात 38,424 करोड़ रुपए पर पहुंच गया है, जो अब तक का सर्वोच्च स्तर है। यह पिछले वित्त वर्ष के 23,622 करोड़ रुपए के आंकड़े से 14,802 करोड़ रुपए (62.66 प्रतिशत) की भारी वृद्धि दर्शाता है। इस ऐतिहासिक उपलब्धि में रक्षा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (डीपीएसयू) और निजी क्षेत्र का योगदान क्रमशः 54.84 प्रतिशत और 45.16 प्रतिशत रहा है। यह रिकॉर्ड उच्च आंकड़ा पिछले पांच वर्षों में लगभग तीन गुना वृद्धि दर्शाता है।

## ट्रम्प की अजब-गजब हरकतें, बोले

# फ्रांसीसी राष्ट्रपति पत्नी के थप्पड़ से उबर रहे, वाइफ का बर्ताव खराब

**वॉशिंगटन (एजेंसी)।** अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रम्प ने एक बार फिर फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों पर उनकी पत्नी को लेकर तंज कसा है। ट्रम्प ने कहा कि मैक्रों अब भी जबड़े पर पड़े थप्पड़ से उबर रहे हैं। उनकी पत्नी उनके साथ बहुत खराब व्यवहार करती हैं। ट्रम्प ने मैक्रों पर यह टिप्पणी बुधवार को एक प्राइवेट लंच के दौरान की। ट्रम्प का यह वीडियो कुछ समय के लिए व्हाइट हाउस के यूट्यूब चैनल पर दिखा, लेकिन बाद में हटा दिया गया। मैक्रों पिछले साल 25 मई को वियतनाम दौरे पर पहुंचे थे। इसी दौरान हनोई के नोई बाई इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर उनकी पत्नी उन्हें थप्पड़ मारती दिखी थीं। ट्रम्प ने यह टिप्पणी उसी घटना को जोड़कर की थी। हालांकि, मैक्रों ने उस वीडियो को लेकर सफाई देते हुए कहा था कि मीडिया ने गलत अंदाजा लगाया था।



## मैक्रों का जवाब- ट्रम्प को गंभीर होने की जरूरत

ट्रम्प के मजाक के कुछ घंटों बाद मैक्रों ने जवाब दिया। उन्होंने कहा, "हमें गंभीर रहना चाहिए। एक दिन कुछ और, अगले दिन कुछ और नहीं कहना चाहिए। बेहतर है कि हर दिन बयान देने के बजाय हालात को शांत करें और स्थायी शांति पर ध्यान दें।"

## ईरान जंग में साथ न देने से ट्रम्प नाराज

ट्रम्प फ्रांस से ईरान के खिलाफ जंग में साथ न देने को लेकर नाराज चल रहे हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति ने लंच के दौरान कहा कि उन्होंने मैक्रों से खाड़ी क्षेत्र में मदद मांगी थी और जहाज भेजने को कहा था। ट्रम्प ने मैक्रों के जवाब की नकल करते हुए कहा कि उन्होंने मना कर दिया और कहा, "नहीं, हम ऐसा नहीं कर सकते, डोनाल्ड। हम यह काम युद्ध जीतने के बाद करेंगे।" इस पर ट्रम्प ने जवाब दिया, "मुझे बाद में मदद नहीं चाहिए।"




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2026-28